वर्ष- 21 अंक - 316 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 02 मई 2026



## उड़ रहा प्लेन क्रैश, 5 की मौत

**टेक्सास.एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया, जिसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा विम्बरली नाम के शहर में हुआ। शुरुआती जांच में पता चला है कि विमान काफी तेज रफ्तार में था, जिस वजह से हादसा हुआ।

## निर्माणाधीन पुल गिरने से 3 मजदूरों की मौत

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू के बंतलाब इलाके में एक निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरने से 4 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से 3 की मौत हो गई।

## टैरिफ पर भड़का यूरोप

**शनिवार.एजेंसी।** यूरोपीय यूनियन ने कहा कि अगर अमेरिका साझा व्यापार समझौते के विपरीत कदम उठाता है तो वह अपने हितों की रक्षा के लिए सभी विकल्प खुले रखेगा। यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ से आयातित कारों और ट्रकों पर 25 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी के बाद आई है।

# पागलों के हाथ में नहीं दे सकते एटम बम



## ट्रंप ने ठुकराया ईरान का ऑफर, दी फाइनल वॉर्निंग

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और वहां के नेतृत्व पर एक बार फिर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। 'ईरान को परमाणु हथियार नहीं दिए जा सकते हैं क्योंकि वे इसका इस्तेमाल सबसे पहले इजरायल पर करेंगे, फिर मिडिल ईस्ट और यूरोप पर, और अगला नंबर हमारा होगा। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं रहने दे सकते।'

ट्रंप ने ईरान के नए बातचीत प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि वह उसकी शर्तों से संतुष्ट नहीं हैं। ट्रंप ने ईरान को आखिरी चेतावनी भी दी। ट्रंप ने अमेरिका की शिपिंग कंपनियों से कहा कि वे किसी भी रूप में ईरान को होर्मुज टोल न दें।

## अमेरिकी नाकाबंदी से ईरान को 4.8 अरब डॉलर का नुकसान

वॉशिंगटन.एजेंसी। स्टेट ऑफ होर्मुज, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री मार्गों पर अमेरिका की नाकाबंदी ने ईरान की कमर तोड़ दी है। पेंटागन ने दावा किया है अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से ईरान को तेल राजस्व में लगभग 4.8 अरब डॉलर का भारी नुकसान हुआ

## बम और गोला-बारूद हटाने के दौरान विस्फोट 14 जवानों की मौत

तेहरान.एजेंसी। ईरान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बम और गोला-बारूद हटाने के मिशन के दौरान विस्फोट होने से ईरान के 14 जवानों की मौत हो गई और 2 घायल हो गए।

## जर्मनी से 5000 सैनिक वापस बुलाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका ने जर्मनी से अपने 5,000 सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है। इस फैसले से ट्रांस-अटलांटिक रिश्तों और पूर्वी यूरोप के नाटो देशों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन को लेकर चिंता बढ़ गई है।



## बंगाल के 15 मतदान केंद्रों पर आज दोबारा हो रही वोटिंग

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा सीटों के 15 मतदान केंद्रों पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोपों के बाद निर्वाचन आयोग ने इन मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग कराने का फैसला लिया है। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कमल के निशान पर काटा टेप चिपका हुआ था। पुनर्मतदान के दौरान आज सुबह शुरुआती दो घंटे में करीब 18 प्रतिशत वोटिंग हुई।

## 4 साल की बच्ची से रेप कर पत्थर से कुचलकर मार डाला



### गुस्साए लोगों ने किया बवाल, लगाया जाम, बुजुर्ग आरोपी गिरफ्तार

**पुणे.एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां छुट्टियां मनाने नानी के घर आई 4 साल की बच्ची को एक बुजुर्ग ने अगवा कर लिया और रेप किया। इसके बाद आरोपी ने पत्थर से कुचलकर बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। गुस्साई भीड़ ने मुंबई-बेंगलुरु हाइवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे वाहनों की कतारें लग गईं। वहीं पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बरात लेकर जा रहे दूल्हे की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर में बरात लेकर जा रहे एक दूल्हे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह दूल्हा बरात लेकर घर से 5 किमी दूर पहुंचा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने कार को ओवरटेक करते हुए रोक लिया और गोलियां बरसा दीं।

## दो सगी बहनों से शादी करने वाले भाजपा नेता की संदिग्ध मौत

**धनबाद.एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में भाजपा नेता अमृतदास की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताया जाता है कि अमृतदास अपनी दूसरी पत्नी के साथ बाजार गए थे जिसके बाद घर में विवाद बढ़ा और इसी के बाद उनकी संदिग्ध मौत हुई। भाजपा नेता की मां का आरोप है कि अमृतदास की शादी दो सगी बहनों से हुई थी और दोनों पत्नियों के साथ उनके संबंध ठीक नहीं थे। मां का कहना है कि दोनों पत्नियों ने मिलकर अमृतदास की हत्या की।

## गिलहरी ने 18 छात्रों को काटा

**उदयपुर.एजेंसी।** उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में एक आक्रामक गिलहरी ने बीते कुछ दिनों में 18 से अधिक छात्र-छात्राओं को काट लिया जिसके कारण इन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगवाने पड़े।

22 अप्रैल को दो स्कॉलर्स को गिलहरी ने काट लिया। अगले दिन वह पर्दे के पीछे छिपी थी और अचानक छात्रों पर झपट पड़ी, हालांकि वे बच गए। छात्रों का कहना है कि यह गिलहरी अचानक लोगों के पीछे दौड़ती है और हमला कर देती है। इसके बाद से गिलहरी ने अब तक 18 लोगों को अपना निशाना बनाया है। आम तौर पर गिलहरी इस तरह के हमले नहीं करती, लेकिन हो सकता है कि गर्मी, भूख आदि के कारण यह गिलहरी हिंसक हो गई।

## गडकरी ने कहा- लात मारूंगा

**नागपुर.एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मजदूर दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि जात-पात की बात करने वाले और जाति की राजनीति करने वाले लोग समाज में फूट डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो जात की बात करेगा उसे लात मारूंगा।

## इजरायल ने ईरान के खिलाफ खड़ा किया रक्षाकवच

**शनिवार.एजेंसी।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान बड़ा खुलासा सामने आया है। इजरायल ने चुपचाप संयुक्त अरब अमीरात में आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए। इजराइल ने बड़ी तादाद में सैनिक और घातक लेजर हथियार यूएई भेजे हैं।






## हेलिकॉप्टर से लाया दुल्हन

**मेरठ.एजेंसी।** मेरठ में एक दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने हेलिकॉप्टर से पहुंचा। शादी के बाद उसी हेलिकॉप्टर से दुल्हन को विदा कराकर घर ले आया। इस विदाई को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अनोखी एंट्री और विदाई का आइडिया दूल्हे के परिवार ने मिलकर तैयार किया था।

# झमेले में पड़े पुलिस विभाग के आवास निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रहवासी और एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि एरोड्रम थाना के पीछे पुलिस विभाग द्वारा जो आवासीय मल्टी बनाई जा रही थी वह योजना अब खटाई में पड़ती दिख रही है। बताया गया कि पुलिस विभाग ने एयरपोर्ट के फनल क्षेत्र में मल्टी बनाना शुरू की जबकि उक्त क्षेत्र में 10फुट से अधिक ऊंचाई के पेड़ भी नहीं लगाएं जा सकतें हैं। पुलिस विभाग ने उक्त स्थान पर निर्माण कार्य बिना एयरपोर्ट विभाग की अनुमति के शुरू किया। इस मामले की शिकायत तथा अन्य मामलों की शिकायतों की जांच पड़ताल शुरू की गई तो स्थल का अवलोकन किया गया। स्थानीय तकनीकी शाखा एयरपोर्ट विभाग के अधिकारियों ने शिकायत सही पाई। फलस्वरूप निर्माण तुरंत रोकने के आदेश दिए। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उक्त निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया है तथा अनुमति लाने में लगे हुए हैं। इस संबंध में गौरतलब रहे कि यह स्थान रिजर्व रखा गया था कि एयरपोर्ट रोड निर्माण में तकनीकी कारणों से अगर थाने को पिछे करना पड़ा तो काम आ सके। उजाड़ एवं बदहाल पड़े इस स्थान को पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की मौखिक अनुमति से स्थानीय निवासी एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने स्वयं के खर्चे से बच्चों के खेल मैदान के रूप में तब्दील कर दिया था। कांग्रेस की सरकार गिरने के बाद पुलिस विभाग ने राजनीतिक दलों के दबाव में इस खेल मैदान को नष्ट कर दिया फिर अब कुछेक समय से आवासीय मल्टी निर्माण कर रहे थे जिसकी शिकायत हुई और शिकायत में मामला सही पाया गया। सबसे अहम् कि अब पुलिस अधिकारियों की जांच भी होंगी कि बिना जांचे-परखे करोड़ों रुपए की योजना बनाई गई, रुपए मंजूर किए गए और काम भी शुरू कर दिया गया।



## कुंडलवाल को दी कांग्रेस ने जिम्मेदारी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। प्रदेश कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के महामंत्री पद पर नरसिंह कुंडलवाल को प्रकोष्ठ का महामंत्री जीतू पटवारी, डॉ. संजय कामले, दामोदर कोरी , भागीरथ पंसोरिया, प्रहलाद महावर की अनुशंसा पर नियुक्त किया गया। कई कांग्रेस नेताओं के अलावा समाजजनों ने भी बधाई दी है। कोली समाजजनों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

## कांग्रेस ने दिए चक्काजाम के लिए ट्रेक्टर और भीड़ के निर्देश



इंदौर सिटी ब्लास्ट। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर किसानों की समस्या के मुद्दे पर शहर और जिला कांग्रेस मिलकर 7 मई को एबी रोड पर चक्काजाम करेंगे। जिला कांग्रेस लगातार आज तीसरे दिन भी देपालपुर में बैठक कर रही है। वहीं कल आम्बेडकर नगरी महू विधानसभा में विपिन वानखेड़े, दौलत पटेल ने कांग्रेसियों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को कहा गया कि वे किसानों के साथ ट्रेक्टर और भीड़ लेकर पहुंचे। राऊ और महू के बीच संभवतः पिगडम्बर में यह चक्काजाम किया जाना है इसलिए कांग्रेस बड़ी ताकत जिले में तो लगा ही रही है लेकिन महू और राऊ विधानसभा में ज्यादा ही ताकत कांग्रेस झोंक रही है।

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना के सफलता के रास्ते

## मुख्यमंत्री कल करेंगे भूमिपूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना क्षेत्र के समग्र औद्योगिक विकास के साथ-साथ स्थानीय भू-स्वामियों एवं किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने जा रही है। 75 मीटर चौड़ी, 20 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर 300-300 मीटर में विकसित होने वाली इस परियोजना में 1300 हेक्टेयर से अधिक भूमि शामिल है तथा इसकी परियोजना लागत 2360 करोड़ है, यह परियोजना न केवल क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगी, बल्कि भूमि देने वाले किसानों को प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित करेगी। इस परियोजना में शामिल भूमि के विकास की सबसे बड़ी चुनौती थी आपसी सहमति से भू स्वामियों से भूमि प्राप्त करना क्योंकि परियोजना में शामिल भूमि शहर के समीप होने से यहाँ की भूमि का बाजार मूल्य अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस वास्तविक समस्या को समझा गया एवं कृषकों के हित में तत्काल निर्णय लेते हुए भू स्वामियों को उनके द्वारा समर्पित की गई भूमि के प्रतिफल के रूप में मिलने वाली भूमि को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है और उन्हें इस योजना में स्वेच्छा से अपनी भूमि देने के लिए प्रेरित कर रहा है। योजना के प्रथम चरण का भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कल 3 मई दोपहर 12 बजे सेक्टर ए. इन्दौर पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर, ग्राम नैनोद, इन्दौर में किया जायेगा।

## पूर्व विधायक यादव की स्मृति में आज शाम अस्पताल में आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। पूर्व विधायक रामलाल यादव भल्लू भैया की स्मृति में श्री क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में फिजियोथैरेपी सेन्टर का नवीनीकरण एवं नवीन मशीन का लोकार्पण आज शाम 4 बजे से कांग्रेस नेता दीपू यादव एवं यदु यादव करवा रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि कसरावद के विधायक सचिन यादव होंगे।

# कांग्रेस द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र और पीने के प्याऊ को लेकर घेराव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में इंदौर शहर कांग्रेस एवं मध्य प्रदेश राज्य विकास केंद्र द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर शिवम वर्मा के नाम ज्ञापन इंदौर तहसीलदार अंकित शर्मा को सौंपा गया ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि कलेक्टर कार्यालय में धडल्ले से कूट रचित फर्जी जाति प्रमाण पत्र सैकड़ो की संख्या में जारी किए जा रहे हैं, जिसकी एक लिस्ट कांग्रेस जनों द्वारा सौंपी गई है, उसके नाम के साथ कांग्रेसियों ने उदाहरण भी दिए और यह भी मांग की कि इन फर्जी प्रमाण पत्र की जांच की जाए।

वहीं भर गर्मी में हेलमेट पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी क्यों है, वहीं हेलमेट की कार्रवाई गर्मी में बंद की जाए। शहर के मध्य तो यातायात पहले ही बाधित होता है। कांग्रेसियों ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने बड़ी गाड़ियों में बैठकर हेलमेट का नियम बनाया, वे 2 व्हीलर पर चलते तो उन्हें हेलमेट का महत्व समझ आता। शासकीय कार्यालय और प्रमुख चौराहों पर पीने के प्याऊ की व्यवस्था ठंडे पानी के साथ की जाए। कलेक्टर कार्यालय में भी पीने के पानी की समूचित व्यवस्था नहीं है ऐसा आरोप यादवद्वय ने लगाया। राकेश अरोरा, दीपक मलोरिया रानू, कृष्णा विश्वकर्मा, रायमुनि भगत, तारा मेश्राम, राजा खान, पीके उपाध्याय, विनोद वर्मा, नीतेश भारद्वाज, लखन परस्वानी, नितिन राव सहित अन्य मौजूद थे।

# युवा अधिवक्ता चौधरी पहुंचवा रहे है पानी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बढ़ती गर्मी में बढ़ रही पानी की समस्या पर सुखलिया क्षेत्र वार्ड 33 में पानी टैंकर से पहुंचाने का काम एडवोकेट विकास चौधरी कर रहे है, लोग उन्हें पानी वाले बाबा भी कहने लगे है। बताया गया कि नगर निगम की पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण रहवासी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। निगम की उदासीनता से जनता में रोष है। चिंटू चौकसे ने कहा कि जिम्मेदार सुध लेने नहीं आ रहे है, निगम में जनसेवा की जगह भ्रष्टाचार हावी है। जब से भाजपा की परिषद बनी है, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष कर रही है। चौधरी अपने निजी प्रयासों से वार्ड के प्रभावित इलाकों में निःशुल्क पानी के टैंकर पहुंचा रहे हैं जिससे उन्हें जनसमर्थन मिल रहा है।



## जिला भाजपा ने की संगठन और आगामी कार्यक्रम को लेकर संवाद बैठक



इंदौर सिटी ब्लास्ट। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने जिला भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित करवाई। संगठन को लेकर चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रम और जनहित के विषय पर इस बैठक में संवाद पदाधिकारियों के साथ किया गया। संगठन विस्तार कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और बूथ स्तर की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। रणवीरसिंह रावत, शैलेंद्र डागा, श्रवण चावड़ा, उषा ठाकुर, मधु वर्मा, रामस्वरूप गहलोत, अंतरदयाल, पूंजालाल निनामा, गोपालसिंह चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।


उठावना



भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की भाभी
एवं भाजपा वार्ड 64 के पूर्व संयोजक
विकास मिश्रा की धर्मपत्नी
श्रीमति मीना मिश्रा
का बैकुंठवास हो गया है
उठावना दिनांक 2 मई 2026 शनिवार
शाम 5 से 6 आनन्द मंगल परिसर
चितावद इंदौर पर रहेगा
शोकाकुल
संजय, अशोक, सुनील, शैलेंद्र, प्रियांक, अंकित, यश, अमितेश, स्वतंत्र
अंश, अनय, आदित्य, स्वास्तिक, अरनव, सार्थक एवं समस्त मिश्रा परिवार

# जैन समाज नवकारसी आयोजन के विवाद में 50 लाख का मानहानि नोटिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर नवकारसी आयोजन को लेकर उपजा विवाद अब कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है। 29 दिन बाद जारी किए गए तथाकथित 'स्पष्टीकरण' को लेकर 50 लाख की मानहानि का लीगल नोटिस भेजा गया है। नोटिस में श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास के पदाधिकारियों पर आधिकारिक लेटरहेड के दुरुपयोग, मानहानिकारक टिप्पणियाँ प्रकाशित करने, सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने और आपराधिक साजिश रचने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अधिवक्ता राजेश जोशी के माध्यम से 1 मई 2026 को भेजे गए विधिक नोटिस में कहा गया है कि श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास द्वारा 29 दिन बाद जारी तथाकथित 'स्पष्टीकरण' में आधिकारिक लेटरहेड का उपयोग कर निराधार, अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियाँ प्रकाशित की गईं। नोटिस के अनुसार, यह पत्र केवल आंतरिक अभिलेख नहीं था, बल्कि इसे समाजजनों के बीच वितरित किया गया और व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया, जिससे सार्वजनिक छवि को गंभीर क्षति पहुँची। 40 वर्षों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का आरोप विधिक नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संबंधित पक्ष पिछले 40 वर्षों से व्यापार जगत में सक्रिय हैं तथा सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में उनकी स्थापित साख है। वे वर्तमान में अहिल्या चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, इंदौर रिटेल गारमेंट्स व्यापारी संघ के पदाधिकारी और कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि महासंघ द्वारा जारी पत्र ने चार दशक की सार्वजनिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है।

## 'ट्रैक्टर प्रकरण' में इवेंट कंपनी ने लिखित में मानी गलती

नोटिस में कहा गया है कि महावीर जन्म कल्याणक के दिन नवकारसी आयोजन में ट्रैक्टर खड़े होने से उत्पन्न व्यवधान वाहन चालक की वजह से हुआ घटना क्रम पर स्वयं इवेंट कंपनी मालिक ने गलती स्वीकार करते हुए श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के समक्ष लिखित माफी दी थी। इवेंट कंपनी द्वारा भी लिखित रूप से अपनी त्रुटि स्वीकार किए जाने के साथ 29 दिन बाद पत्र जारी कर आरोपों का उल्लेख करना दुर्भावनापूर्ण और पूर्वनियोजित कदम बताया गया है। कि 29 अप्रैल को आयोजित बैठक मिनट्स और संस्था के पद का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत आरोपों और छिटाकशी को संस्थागत स्वरूप दिया गया। इससे न केवल संस्था की गरिमा प्रभावित हुई, बल्कि एक व्यक्ति विशेष के विरुद्ध सामूहिक सामाजिक धारणा बनाने का प्रयास भी हुआ। धारा 356 और 61 के तहत कार्यवाही की चेतावनी अधिवक्ता द्वारा भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 356 (मानहानि) और धारा 61 (आपराधिक साजिश) के अंतर्गत दंडनीय है। साथ ही इसे दीवानी क्षति और मानहानि की श्रेणी में भी रखा गया है। 50 लाख के नोटिस में 15 दिनों के भीतर 50 लाख की क्षतिपूर्ति मांगी गई है। यह राशि प्रतिष्ठा हानि, मानसिक पीड़ा और सामाजिक क्षति के प्रतिकर के रूप में मांगी गई है। इसके अतिरिक्त 25 हजार विधिक व्यय के रूप में भी मांगे गए हैं। 7 दिन में बिना शर्त माफी की मांग नोटिस में 7 दिनों के भीतर कथित मानहानिकारक पत्र/मिनट्स वापस लेने, आधिकारिक लेटरहेड पर बिना शर्त लिखित माफी जारी करने, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर सार्वजनिक क्षमायाचना प्रकाशित करने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की मानहानिकारक टिप्पणी से विरत रहने की मांग की गई है।

# बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज में कल दूसरे रविवार भी चुनाव का द्वंद्व

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर माहेश्वरी समाज जिला इकाई के 9 क्षेत्रों की चुनाव प्रक्रिया में एक क्षेत्र बिजासन में पिछले रविवार भी पदाधिकारी और 71 के कार्यकारी मंडल का चुनाव हुआ था और परिणाम सुबह 4 बजे आए थे। अब जिला सभा के प्रतिनिधि और पदाधिकारियों और कार्यसमिति के चुनाव कल रविवार को किए जाना है। लगातार दूसरे रविवार को भी बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज में चुनाव की स्थिति बनी है। छत्रीबाग माहेश्वरी स्कूल परिसर आरके डागा कैम्पस में कल सुबह 10 से 12 बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव में दो पैनल आमने-सामने हैं। दोनों ही पैनल ने प्रचार-प्रसार कल से ही शुरू कर दिया है। कल नाम वापसी के दिन भी कुछ नाम वापस हुए हैं। अब कल ही दो अलग अलग मत पत्र मतदाताओं को दिए जाएंगे। इसमें 71 के कार्यकारी मंडल सदस्य और पदेन सदस्य मतदाता हैं।

# पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज में कोई संशय नहीं, चुनाव स्थगित का ही निर्णय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के चुनाव को लेकर एक चुनाव अधिकारी ने चुनाव स्थगित लिखे थे और एक चुनाव अधिकारी ने चुनाव निरस्त लिख दिए थे। इस पर एक पैनल ने जमकर आपत्ति भी ली थी और यह भी आरोप लगाया था कि एक सदस्य के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं जो यहां रहते नहीं हैं वे बाहर रहते हैं और बाहर माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी भी हैं। इधर, चुनाव स्थगित और निरस्त को लेकर संशय बना हुआ है। आज इस मामले में चुनाव अधिकारी महेश तोतला से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि चुनाव स्थगित ही हुए हैं। इधर, अभी भी एक पैनल पूरी चुनावी प्रक्रिया पर ऊंगलियां उठा रही हैं और कह रही है कि 40 से अधिक फार्म निरस्त होने की प्रक्रिया मे एक पैनल को बचाने के लिए यह खेल खेला के रूप में खेला गया। इधर यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि जिस गोपनीयता को भंग होने का आरोप चुनाव स्थगन के लिए लगाया गया वह गोपनीयता सहायता चुनाव अधिकारी ने सूची लगाकर भंग की थी। यह भी कहा जा रहा है कि जब सभी क्षेत्रों में निर्विरोध चुनाव के लिए दबाव बनाया गया था तो पूर्वी क्षेत्र में जिला इकाई ने दबाव क्यों नहीं बनाया। इस पूरे मामले में मुख्य चुनाव अधिकारी से लेकर सभापति और अन्य पदाधिकारियों को भी शिकायतें की गई हैं।

# नेपाल में पूर्व विधायक का सम्मान

## पशुपतिनाथ के दर्शन भी किए तो पार्टी में थिरके भी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व विधायक संजय शुक्ला नेपाल में है। उन्हें वहां कोरोना काल में किए गए सामाजिक सेवा कार्यों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में संजय शुक्ला ने सराहनीय कार्य किया था। उन्होने कई लोगों की मदद की थी। नेपाल में शुक्ला ने पशुपतिनाथ के दर्शन भी किए। वहीं नेपाल में रहने वाले दोस्तों के साथ एक पार्टी के दौरान थिरकते हुए नजर आए।






# इंदौर में एल्डरमैन की नियुक्ति कब होगी

## भाजपा नेताओं के बीच में चल रहा है सवाल, निगम में भी हलचल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राज्य शासन के द्वारा निगम मंडल में नियुक्ति का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी नगर निगम, नगर पालिका में एल्डर मेन की नियुक्ति करने के लिए भी हलचल शुरू हो गई है। इंदौर नगर निगम में एल्डर मेन के पद पर नियुक्त होने वाले नेता अपनी नियुक्ति का आदेश जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

राज्य सरकार की ओर से निगम मंडल में नियुक्ति का सिलसिला शुरू किए जाने के बाद अब हर दिन कहीं ना कहीं किसी ने किसी पद पर नियुक्ति की घोषणा हो रही है। सोशल मीडिया पर यह घोषणा छाई रहती है। यह अलग बात है कि इंदौर के किसी नेता को अभी तक प्रदेश स्तर के किसी भी निगम मंडल की कमान नहीं सौंपी गई है। प्रदेश के दूसरे शहरों के विकास प्राधिकरण भी गठित हो गए लेकिन इंदौर के विकास प्राधिकरण में नियुक्ति करने का फैसला अभी होल्ड पर रख दिया गया है। इस स्थिति के चलते हुए इंदौर के नेता केवल इंतजार और इंतजार में लगे हुए हैं। किसी को किसी पद पर नियुक्ति नहीं मिल पा रही है।

पूरे प्रदेश में 1000 से ज्यादा एल्डरमैन की नियुक्ति होना है। इसमें इंदौर में 12 एल्डरमैन की नियुक्ति होना है। सरकार की ओर से अब तक जिस तरह से नियुक्ति की जा रही है उसे देखते हुए लगता है कि सभी विधायकों के समर्थक को एल्डरमैन के पद पर एडजस्ट किया जाएगा। इसके साथ ही महापौर और सांसद के समर्थक तथा संगठन के कार्य को निष्ठा से करने वालों को भी स्थान मिल जाएगा।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर नियुक्ति होगी कब? निगम की सत्ता से जुड़े लोगों का कहना है कि अगले सप्ताह में सरकार की ओर से एल्डरमैन के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करते हुए नाम की घोषणा करने का सिलसिला शुरू कर दिया जाएगा। इंदौर में जिन नेताओं को नगर निगम के चुनाव में दावेदार होने के बावजूद टिकट नहीं मिल सका था उन नेताओं में से कुछ नेताओं को इस पद पर एडजस्ट करते हुए वरिष्ठ पार्षद बना दिया जाएगा।

### निगम में पहले से ही व्यवस्था

इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को इस बात का अनुमान है कि यहां 12 एल्डरमैन की नियुक्ति की जाना है। इसके लिए नगर निगम के द्वारा पहले से ही जो परिषद का नया हाल बैठक के लिए बनाया गया है उसमें ज्यादा कुर्सियां रखी गई है ताकि जब एल्डरमैन की नियुक्ति हो जाए तो उन्हें भी एडजस्ट करने में कहीं कोई समस्या नहीं आए। इस स्थिति के चलते हुए नगर निगम तो इन वरिष्ठ पार्षदों के आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए तैयार खड़ा हुआ नजर आ रहा है।

# विहिप नेता के खिलाफ फिर फतवा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष शर्मा को एक बार फिर अलीगढ़ उत्तरप्रदेश के वर्ग विशेष संगठन के द्वारा फतवा जारी किया है। बता दे विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष शर्मा हर बार वर्ग विशेष संगठनों के निशाने पर हैं। पूर्व में भी उन्हें इसी तरह के फतवे जारी कर उन्हें नसीहत दी जा चुकी है।बता दे जिस तरह से विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष शर्मा के द्वारा एक के बाद एक वर्ग विशेष समाज के लिए तमाम तरह की बातें कही जाती है उसी कड़ी में वर्ग विशेष संगठनों के द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही है। पूर्व में भी वर्ग विशेष संगठनों के द्वारा फतवा जारी करने के साथ ही यह भी चेतावनी दी थी कि यदि पुलिस या प्रशासन संतोष शर्मा के द्वारा जिस तरह से बयान बाजी की जाती है उस पर रोक नहीं लगी तो उनके खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। फिलहाल दूसरी ओर जिस तरह से अब अलीगढ़ के वर्ग विशेष संगठन के द्वारा उनके खिलाफ फतवा जारी किया है उससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दे विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष शर्मा को इसके पहले सर तन से जुदा से संबंधित भी धमकियां मिल चुकी हैं, जिसकी शिकायत भी उन्होंने पुलिस को की है तो वहीं तिलक नगर पुलिस ने उनकी शिकायत पर प्रकरण भी दर्ज किया है तो वही उनकी सुरक्षा को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय से भी कई बार मध्य प्रदेश सरकार को पत्राचार किया जा चुका है।

# जिंसी से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक सड़क की चौड़ाई अब 60 फीट

## महापौर ने क्षेत्र में जाकर लोगों के बीच किया एलान, लोगों ने जताई खुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा जिंसी से लेकर लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक बनाई जाने वाली सड़क की चौड़ाई अब 60 फीट कर दी गई है। इस बात की घोषणा आज इस क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। उनके द्वारा यह घोषणा किए जाते ही लोगों ने खुशी जताई और महापौर का स्वागत किया।



नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस सड़क का निर्माण भी करने की योजना है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट दर्ज की गई है। क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा इस प्रावधान का विरोध किया जा रहा था। क्षेत्र के नागरिकों का कहना था कि यह सड़क 60 फीट की चौड़ाई में ही बनाई जाए। इन नागरिकों का कहना था कि यदि 80 फीट की चौड़ाई में सड़क का निर्माण किया जाता है तो बहुत ज्यादा तोड़फोड़ होगी जिसके कारण उन लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

नागरिकों के द्वारा सड़क की चौड़ाई का विरोध करने के साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अपनी बात से सहमत कराया जा रहा था। यह क्षेत्र प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मंत्री के समक्ष भी नागरिकों के द्वारा जाकर इस बारे में अपनी बात रखी गई थी।

इसके बाद से नगर निगम के द्वारा इस स्थिति के बारे में विचार किया जा रहा था। अब नगर निगम के द्वारा फैसला लिया गया है कि 80 फीट चौड़ाई की इस सड़क को अभी 60 फीट चौड़ाई में ही बनाया जाएगा। महापौर भार्गव ने आज इस क्षेत्र में जाकर इस बारे में घोषणा करते हुए नागरिकों को यह सौगात दी। उन्होंने कहा कि हम नागरिकों की इच्छा और अपेक्षा पर खडा उतरने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे ही महापौर द्वारा यह घोषणा की गई वैसे ही क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा न केवल महापौर का सम्मान किया गया बल्कि इस फैसले पर अपनी खुशी भी जताई गई।

### अब खुद अपने निर्माण तोड़ लो

इसके साथ ही महापौर के द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से कहा गया कि नगर निगम के द्वारा आपकी बात मानते हुए सड़क की चौड़ाई को हाल फिलहाल कम कर दिया गया है। अब जरूरी है कि सड़क के निर्माण में सहयोग करते हुए आप भी सड़क की चौड़ाई में बाधक निर्माण को खुद तोड़कर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। क्षेत्र में बहुत से नागरिकों के द्वारा अपने निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। जिन लोगों के द्वारा निर्माण नहीं तोड़े जा रहे हैं उन्हें भी महापौर ने निर्माण तोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# सेज यूनिवर्सिटी छात्र ने हॉस्टल में लगाई फांसी

## सुसाइड नोट में प्रेमिका पर धोखे का आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बीटेक के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने प्रेमप्रसंग और प्रेमिका द्वारा दिए गए धोखे का जिक्र किया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम उत्कर्ष (21) है। उत्कर्ष मूल रूप से लखनऊ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था और इंदौर की सेज यूनिवर्सिटी में बीटेक थर्ड ईयर का छात्र था, वह यूनिवर्सिटी के ही हॉस्टल में रहता था जब देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो दोस्तों ने खिड़की से झांककर देखा, जहां उत्कर्ष फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पहुंची तेजाजी नगर पुलिस ने कमरे की तलाशी ली जहां एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में उत्कर्ष ने अपनी मौत के लिए प्रेमप्रसंग को जिम्मेदार ठहराया है। उसने लिखा है कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया, जिससे वह काफी आहत था और यह आत्मघाती कदम उठा रहा है। पुलिस ने उत्कर्ष का मोबाइल और सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पुलिस ने उत्कर्ष के परिजनों को लखनऊ सूचना दे दी है।







# नशे में धुत पुलिसकर्मी का आतंक...

## गश्त कर रहे दो जवानों को कार से मारी टक्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बीती रात डीआरपी लाइन में तैनात एक पुलिसकर्मी ने शराब के नशे में धुत होकर अपनी कार से गश्त कर रहे दो अन्य पुलिस कर्मियों की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों जवान घायल हो गए हैं। आरोपी पुलिसकर्मी का विवादों से पुराना नाता रहा है।**

घटना राजेंद्र नगर के आनंद नगर क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दो पुलिसकर्मी भूरालाल और प्रमोद अपनी बाइक से रूटीन गश्त पर थे, इसी दौरान डीआरपी लाइन में तैनात पुलिसकर्मी विजय चौहान अपनी कार को तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ाते हुए वहां पहुंचा। नशे में होने के कारण विजय वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और उसने सीधे गश्त कर रहे जवानों की बाइक को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों जवान सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य लोगों और पुलिस टीम ने घायल भूरालाल और प्रमोद को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन जवानों को आई चोटों के कारण उनका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी विजय चौहान पहले भी कई बार विवादों में घिर चुका है। अनुशासनहीनता और शराब के नशे में हंगामा करने की शिकायतों के कारण वह पहले भी सुर्खियों में रहा है।

# वार्ड में विशेष सफाई का अभियान शुरू

## बैक लाइन को साफ करने वाले नागरिकों का महापौर ने किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा रामचंद्र नगर कॉलोनी वाले वार्ड में विशेष सफाई का अभियान आज सुबह से शुरू किया गया। इस अभियान का महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान एक लाइन को साफ करने वाले नागरिकों का महापौर के द्वारा सम्मान भी किया गया।



भार्गव ने आज सुबह वार्ड क्रमांक 6 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बड़ा गणपति चौराहे से लेकर रामचंद्र नगर तक क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने रामचंद्र नगर स्थित गार्डनों और बैक लाइनों का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई और रखरखाव के स्तर को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। महापौर ने गार्डनों में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने वार्ड में हंसदास मठ मंदिर के पास स्थित नदी क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर वार्ड 6 में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत भी की गई। अभियान के तहत कॉलोनियों में गहन सफाई, मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव और अन्य आवश्यक कार्य एक साथ किए जाएंगे। महापौर ने रामचंद्र नगर में बैक लाइन की सफाई कर उसे सुव्यवस्थित करने वाले नागरिकों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने सफाई मित्रों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की और उनका हाल-चाल भी जाना।

### बंगाल चुनाव पर बोले विजयवर्गीय...

# इस बार ठीक हुए चुनाव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बंगाल के पूर्व प्रभारी और प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज बंगाल में हो रहे पुनर्मतदान को लेकर बयान दिया है। उन्होने कहा कि इतनी सख्ती होने के बाद भी वहां ईवीएम में कमल के बटन पर काला टेप चिपका दिया था। खास बात यह है कि लोगों ने इसकी शिकायत भी नहीं की। उन्होने कहा कि टीएमसी बहुत सारी अनियमितता करती हुई आई है। विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग और केन्द्रीय सुरक्षाबल ने काफी सख्ती दिखाई है। हर बार की तुलना में इस बार चुनाव ठीक हुआ है, लोगों ने मतदान भी किया है, विशेष तौर पर भयमुक्त मतदान हुआ है जो एक बडे परिवर्तन का संकेत है। उल्लेखनीय है कि बंगाल में विजयवर्गीय पर कई केस चल रहे है इसलिए वे बंगाल से दूरी बनाए हुए है।

## आकाश ने पिता की विधानसभा के बाणगंगा थाना को बताया अपराध में नम्बर-1

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने बाणेश्वर लोक के भूमिपूजन के दौरान कहा कि दुर्भाग्य से विधानसभा 1 में आने वाला बाणगंगा थाना अपराध में नम्बर-1 है। सबसे ज्यादा क्राइम रेट वाला थाना है। विजयवर्गीय ने कहा कि अयोध्या, काशी और उज्जैन में जिस तरह से धर्म स्थल का विकास होने से आर्थिक समृद्धि आई है। वहीं बाणेश्वर लोक बनने के बाद यहां भी अर्थव्यवस्था में बदलाव आएगा। उन्होने कहा कि नशा और अपराध इस क्षेत्र में ज्यादा है। मंदिर बनाने के साथ ही हम नशे के खिलाफ भी काम करेंगे, इसके लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कमिश्नर से बात भी की है और कहा है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई की जाएं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जल्द इंदौर आएगी टीम

## इंदौर को स्वच्छ शहर के साथ ही सफाई के पुराने मानकों पर उतरना होगा खरा

### सभी सर्वे होंगे एक साथ सफाई और वाटर प्लस के लिए एक बार में ही देखी जाएगी इंदौर की तैयारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए इंदौर में जल्द ही सर्वे टीम की दस्तक होगी। पहले से कई कठिन मापदंडों पर इंदौर को खड़ा उतरना होगा। इंदौर पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छता लीग में शामिल होने में सफल रहा था और इंदौर को एक विशेष टारगेट पूरा करने के लिए चुना गया था जिसके तहत इंदौर को स्वच्छ शहर प्रतियोगिता में शामिल करते हुए देपालपुर जैसे सफाई में पिछड़े निकाय को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। जल्द ही केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा शहर की सफाई कचरा के रीसायकल सिस्टम और स्वच्छता जोड़ी शहर के लिए किए गए काम की परीक्षा होगी।

इंदौर में टीम आने के संकेत मिलते ही इंदौर में सफाई को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। नगर निगम आयुक्त भी अब सफाई पर विशेष जोर दे रहे हैं ताकि एक दो माह की तैयारी से पूरी व्यवस्था को जीता जा सके लेकिन फिलहाल यह संभव नहीं हो पा रहा है क्योंकि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निगम के पास पहले जैसी टीम और अनुभव की कमी दिखाई दे रही है। फील्ड में रहने वाले और सफाई व्यवस्था को गहराई से समझ कर कमियां दूर करने वाले अधिकारी इंदौर की एसबीएम टीम से दूर बने हुए हैं।

फिलहाल इंदौर का स्वच्छता एसबीएम एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रहा है जो की ऐसे आयोजन कर रहा है जो वास्तविकता में कोई महत्व नहीं रखते। वही नगर निगम जिनको मोटी फीस दे रहा है उनके कर्मचारी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान नजर नहीं आते वह गली मोहल्ले से गुजरने वाले गाड़ी में बैठकर निगम के अधिकारियों को यह रिपोर्ट तक नहीं दे पा रहे हैं कि किस गली में कितना कचरा फैला हुआ है। जो कचरा सेग्रीगेट हो रहा है उसकी गुणवत्ता कैसी है? इसके अलावा जिन अधिकारियों पर स्वच्छता की मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है वह इसमें लापरवाही कर रहे हैं। फील्ड में नगर निगम के कर्मचारी कितने आ रहे हैं रोज सड़कों पर झाडू प्रतिदिन लग रही है या नहीं इसकी कोई मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इधर कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। प्रतिदिन रजिस्टर में उपस्थिति लगाकर कर्मचारी फील्ड से गायब हो रहे हैं।

सफाई का टाइम भी कर्मचारियों ने अपने हिसाब से तय कर रखा है। सुबह 6:00 बजे फील्ड में आने की बजाय 8:00 बजे रोड स्वीपिंग के लिए कर्मचारी मैदान में पहुंच रहे हैं, एक मोहल्ले में 4 से 5 दिन बाद सड़क पर झाड़ू लग रही है। ग्रीन वेस्ट कलेक्शन केवल मुख्य मार्गो से हो रहा है। कॉलोनी से निकलने वाले ग्रीनवेस्ट एरिया के हिसाब से उठाया जा रहा है। कर्मचारी ठीक से जानते हैं कि कहां काम करना है और कहां नहीं उन्हें पता है कि जहां नगर निगम से जुड़े अधिकारी एमआईसी सदस्य पार्षद रहते हैं उनके घरों के आसपास नियमित सफाई की जानी है बाकी स्थान को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है।

महापौर और नगर निगम आयुक्त स्वच्छता की बेपटरी व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन निगम अमला इसको अब गंभीरता से नहीं ले रहा। राष्ट्रीय स्तर पर इंदौर की पहले ही भागीरथपुरा कांड से धूम हो रही है वहीं अब सफाई के सबसे निचले स्तर के अमले की लापरवाही स्वच्छता तक के लिए खतरा बनी हुई है। नगर निगम आयुक्त को जरूर इस बात की है कि स्वच्छता की कमान निगम के किसी तेज फील्ड में समन्वय रखने वाले एवं मीडिया से कोऑर्डिनेशन रखने वाले अधिकारी को सौंपे ताकि आने वाले 30 से 40 दोनों के भीतर शहर की सफाई व्यवस्था में बदलाव हो सके।

# 9 दिन बाद इंदौर का तापमान 40 डिग्री के नीचे आया

### कल तापमान में रही कमी लेकिन लोगों को नहीं मिल सकी राहत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर का तापमान 9 दिन के अंतराल के बाद कल पहली बार 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आया। कल तापमान में चाहे कमी रही लेकिन इससे लोगों को कहीं कोई राहत नहीं मिल सकी।**

इस समय तो मई की शुरुआत ही हुई है लेकिन तापमान बहुत तेजी से ऊपर की तरफ बढ़ रहा है। जिसके चलते हुए लोगों को तेज गर्मी का एहसास हो रहा है और उन्हें इस गर्मी के कारण परेशानी भी हो रही है। गर्मी को देखते हुए दोपहर का समय पर शहर की सड़कों पर चलने वाले वाहनों की संख्या भी कम हो जाती है। बहुत आवश्यक काम होने पर ही व्यक्ति दोपहर के समय पर घर अथवा अपने कार्य स्थल से बाहर निकल कर आ रहा है। मौसम विभाग के द्वारा भी लगातार यह चेतावनी दी जा रही है कि अभी तो तापमान ऊपर की तरफ ही जाएगा और तेज लू चलेगी। इस डर से भी लोग अमूमन सड़क पर निकलने से बचने की कोशिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

कल करीब 9 दिनों के अंतराल के बाद इंदौर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक लगातार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ था। कल पहली बार यह तापमान 40 डिग्री के नीचे आया है। अभी मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी कम से कम 10 दिन तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। जिस तरह का मौसम बनने के आसार आसमान से नजर आ रहे हैं उसे देखते हुए यह माना जा रहा है कि लोगों को अभी तेज गर्मी से राहत मिल जाएगी।

कल इंदौर का दिन का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। तापमान जरूर कम हुआ लेकिन इससे लोगों को कहीं कोई राहत नहीं मिल सकी। लोग हैरान परेशान होते हुए ही नजर आए। इन लोगों को गर्मी चुभ रही थी। ऐसे में हर व्यक्ति गर्मी से बचाव के उपकरण के आसपास जाकर बैठना पसंद कर रहा था।

**कब रहा कितना तापमान**

**तारीख- अधिकतम तापमान**

22 अप्रैल 40
23 अप्रैल 40.6
24 अप्रैल 41.2
25 अप्रैल 42.2
26 अप्रैल 43
27 अप्रैल 42
28 अप्रैल 41.2
29 अप्रैल 40.01
30 अप्रैल 40
1 मई 39.4

## शनिवार को शनि जयंती का संयोग...

# सजेगा गजासीन शनि धाम



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सुबह पंचकुण्डी यज्ञ, दोपहर में जन्म आरती और शाम को सुंदरकांड के बाद होंगे भजन**

ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर 16 मई को न्यायप्रिय देवता शनिदेव की जयंती मनाई जाएगी। उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम में महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सानिध्य में शनि जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। खास संयोग यह है कि 16 मई को शनि जयंती पर शनिवार है, जो भगवान शनिदेव का विशेष वार माना जाता है।

शनि जयंती पर गजासीन शनिधाम पर प्रातः 5 बजे से देर रात्रि तक महोत्सव आयोजित होगा। इस अवसर पर धाम को विद्युत साज सज्जा के साथ फूलों से सजाया जाएगा साथ ही प्रभु शनिदेव का विशेष पुष्प श्रृंगार व 56 भोग भी लगाया जाएगा। माधव इंदौरी ने बताया कि प्रातः 5 बजे शनिदेव का विभिन्न तेल से, पवित्र नदियों के जल से शनि महामंत्र के उच्चारणों के साथ अभिषेक किया जाएगा। प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक पंच कुण्डी यज्ञ प्रारंभ होगा,जिसमें 108 नामों से आहुतियां दी जाएगी। विशेष तौर पर शनि की प्रिय सामग्री से हवन होगा। जिसमें इमरती, उड़द दाल भजिए, कमल गट्टा, नीले पुष्प, बादाम, पंच मेवा, शमी लकड़ी पत्ती, गुगल, कपूर, गो घृत, काला तिल, जलेबी, सरसों तेल आदि महत्वपूर्ण सामग्री से किया जाएगा। दोपहर 12 बजे ढोल नगाड़े व जयकारों के साथ प्रभु शनिदेव की जन्म आरती की जाएगी। संध्या 6 बजे से सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं को किया जाएगा। रात्रि 9 से प्रसिद्ध लोकगायक अरुण गोयल द्वारा सुमधुर भजनों व गीतों की प्रस्तुति होगी। डॉ. दादू महाराज ने बताया कि 16 मई को शनिवार होने से यह दिन और भी महत्वपूर्ण दिन हो जाता हैं,क्योंकि शनिवार शनिदेव का विशेषवार है।

# सभी सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण समय सीमा में हो

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में चल रहे सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण के सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्य इंदौर विकास प्राधिकरण और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के द्वारा किये जा रहे हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा इंदौर के नंदानगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूसाखेड़ी, सांवेर तहसील में कांकरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू तथा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा शासकीय मॉडल स्कूल महू, शासकीय मॉडल स्कूल देपालपुर, शासकीय मॉडल स्कूल सांवेर और इंदौर के चार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण कार्य जारी हैं। वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है और उनकी पढ़ाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर हो इस पर ध्यान दिया जाए।

## योग दिवस पर काउंटडाउन विशेष योग कार्यक्रम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 50 दिवस काउंटडाउन के तहत इन्दौर में विशेष योग कार्यक्रम औषधालय के पास स्कूलों में आयोजित किया गया। आयोजन से अधिकारी डॉ. हंसा बारिया, डॉ. रागिनी शिवहरे, डॉ. ज्योति वर्मा,डॉ. सोनाली ठाकुर, डॉ. मनीष रघुवंशी जुड़कर मानीटरिंग करते रहे। अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, आम नागरिक भी शामिल हुए।



# 'राजशांति आशियाना' वृद्ध आश्रम का शुभारंभ कल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजशान्ति आशियाना का शुभारम्भ कल सुबह 8 बजे पुष्प वाटिका नैनोद रोड पर पवनानंद महाराज की निश्रा में सहयोगी विपिन जैन, प्रवीण जैन, दिलीप जैन, राजकुमार जैन, संतोष-चित्रा जैन, विनय मंगारमानी की मौजूदगी में होगा। संस्था के रीतेश बाफना, हर्ष मेहता, अदिति सुराणा, सतीश जैन, रेखा सुराणा, ने बताया कि समारोह में डॉ.आलोक झोलिया, शोभा धारीवाल, विमल तोडी, डॉ. डेविश जैन, विनोद भंडारी, प्रकाश भटेवरा, धीरज खंडेलवाल, डॉ. सुनील बांठिया, टीना जैन, रमेश भंडारी, प्रियंका जैन, सुरेश देशलहरा अतिथि होंगे।

# नवकार परिवार कराएगा कल शाम खुशी परिवार थीम पर सेमिनार

## जैन समाजजन रहेंगे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

श्री नवकार परिवार द्वारा संचालित मेघ संस्कार वाटिका द्वारा रविवार 3 मई को शाम 7.15 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग पर 'स्ट्रॉंग फाउंडेशन-हैप्पी फैमिली' थीम पर आधारित विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गुजरात के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर मनीष वघासिया मुख्य वक्ता के रूप में हैप्पी फैमिली थीम पर विशेष सेमिनार पर उदबोधन देंगे। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहेंगे। परिवार में प्रेम, समझ और विश्वास को कैसे मजबूत बनाया जाए और युवाओं एवं माता-पिता के बीच किस तरह बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए। आयोजन में डॉ. प्रकाश बांगानी, मनोहरलाल जैन सेमलिया वाले, जयंत खाब्या, नवकार परिवार के महेन्द्र गुरुजी, प्रवीण गुरुजी एवं अभय गुरुजी, विनीत मेहता, शुभम पटवा, प्रनेह चौरड़िया, शरद शाह, संयम जैन एवं अंश पारीख मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाएंगे।



## मोहम्मद रफी के गीतों की प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** किवदंती संगीत समूह ने मोहम्मद रफी के गीतों की प्रस्तुति अभिनव कला समाज में गायकों ने दी। दीपक जाजोदिया, मधु ताई का सम्मान जगदीश जैसवाल ने किया।

## 'पक्षी मित्र अभियान' के साथ पुण्य स्मरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निपानिया स्थित आशीर्वाद विला सोसायटी में साधना सिंह की पुण्यतिथि पर 'पक्षी मित्र अभियान' के अंतर्गत पक्षियों हेतु दाना-पानी के सकोरों का वितरण किया गया। घनश्यामसिंह के साथ मिलकर सदस्यों ने पक्षी सेवा का संकल्प लिया।



# आचार्य का धर्मसभा में प्रवचन



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** महावीर भवन इमली बाजार में आचार्य विश्वरत्नसागर मसा ने जैन समाजजनों के समक्ष सार्थक प्रवचन धर्मसभा में दिए। अन्य संतों के भी प्रवचन हुए। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।

## जैन महिला परिषद का अधिवेशन और अलंकरण समारोह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** दिगम्बर जैन केंद्रीय महिला परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह आज 2 एवं 3 मई को निपानिया बायपास रोड इंदौर स्थित चंद्रलीला में आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज सुबह हुआ। संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन और रुचि चौविष्या ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि अनिल पारसदास जैन, चक्रेश जैन, हंसमुख गांधी, शैलेंद्र जैन, दिनेश जैन, आशा विनायका, पुष्पा कासलीवाल, सुमन जैन, शिल्पा जैन, शिल्पा जैन ने शुभारंभ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन कार्यक्रम में आज अनिल जैन के हाथों शपथ ग्रहण कर रही हैं। सरला सामरिया, अनिता जैन ने बताया कि इस दो दिवसीय आज से शुरू हुए अधिवेशन में अलग अलग सत्र होंगे, जिसमें परिषद की प्रगति, भावी योजना, बैनर प्रेजेंटेशन सहित अन्य सत्र होंगे।





## साबू को मानद डाक्टरेट उपाधि सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी समाज के डॉ. कमल साबू को विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण आयोग संस्था द्वारा उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डाक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में तिब्बत के आचार्य मेशी पुन्टोक सहित देशभर से आए अनेक पत्रकार समाजसेवी, चिकित्सक एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## 'लव योरसेल्फ' विषय पर व्याख्यान

**इंदौर।** न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर में चल रहे पांच दिनी 'ज्ञान मंथन' व्याख्यान माला में 'लव योरसेल्फ' विषय पर ब्रह्माकुमारी अचल बहन ने रखे। रोजाना अलग अलग विषय पर व्याख्यान हो रहे हैं। आज से एकता समर कैम्प का भी शुभारंभ ज्ञान शिखर में हुआ। महेश शर्मा, डॉ. प्रज्ञा टावरी, भुवनरेश्वरी बहन, अनिता बहन सिहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# लैंटर्न चौराहे से शुरुआत... बाकी चौराहों पर भी इसी तरह का इंतजाम होगा, लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह चौथा साल है

## महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया की अनोखी पहल... इंदौरी जनता की चिंता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि पिछले साल रोज चौराहों पर देखते थे कि लाल बत्ती में भरी दोपहर रुकने वाले लोग किस तरह धूप में झुलस रहे हैं... तभी वे कुछ करना चाहते थे, तभी उन्हें देश के किसी शहर में चौराहे पर हरी नेट और उसके नीचे खड़ी गाड़ियां दिखीं, तो फैसला कर लिया कि कम से कम अपने वार्ड के सभी चौराहों पर वे इसी तरह की हरी नेट लगवाएंगे। जिसकी शुरुआत पिछले साल की थी लेकिन अभी कुछ दिनों से ही मार्च में गर्मी अपना रंग दिखने लगी है और होली के बाद गर्मी और तेज होने वाली है इसलिए समय रहते जनता को कैसे राहत मिले उसके लिए आज से लैंटर्न चौराहे पर इसकी शुरुआत भी कर दी।

पहाड़िया ने बताया वार्ड में जितने भी ऐसे चौराहे हैं, जहां सिग्नल पर लोगों को खड़ा होना होता है, वहां हरी नेट लगवाएंगे। एक चौराहे पर पाइप के माध्यम से पोल खड़े करके मोटे रस्सों से बांधी जा रही है कि अगर हवा भी चले तो यहां फटे नहीं। अभी तो वार्ड में अपने पास से खर्च कर रहे हैं, लेकिन चाहते हैं कि शहरभर में चौराहों पर इसी तरह की नेट लगे और उस क्षेत्र के व्यापारी और रहवासी सामाजिक संस्थाएं आगे आकर लोगों की सुविधा के लिए ये काम करें। इसे लेकर वे व्यापारिक संगठनों से बात भी करेंगे। उनका कहना है कि ट्रैफिक सिग्नल वाले चौराहे पर हरी नेट लगवाना गरमी में प्याऊ लगवाने जैसा पुण्य का काम है।

इस समय धीरे धीरे तापमान बढ़ रहा है। दोपहर में लगता है जैसे आग बरस रही है और लगता है कि इस बार तापमान ज्यादा गर्म रहेगा। इस दौरान सबसे ज्यादा मुसीबत दोपहिया गाड़ीवालों की होती है, जिन्हें हरी बत्ती होने तक चौराहे पर खड़ा होना पड़ता है। जिन चौराहों के पास पेड़ है, वहां कई लोग खड़े हो जाते हैं, लेकिन बाकी जगह तो धूप में झुलसना ही पड़ता है। आज सुबह लैंटर्न चौराहे से निकले लोग खुश थे कि किसी ने तो उनकी फिक्र की। हालांकि ये कोशिश पहाड़िया ने अपनी तरफ से की है, मगर लोगों का कहना था कि हर चौराहे पर नगर निगम को ये काम करना चाहिए। पिछले वर्ष भी वार्ड के हर चौराहे पर हरी नेट लगाई थी। नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, कमिश्नर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में इंदौर शहर के सभी अधिकांश चौराहे पर सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी संगठनों से बात कर जनता को राहत देने के लिए अभियान चलाया जाएगा ।

# शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर कल से आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 25वां ध्वजारोहण महोत्सव प्रियदर्शन विजय म.सा.,विजय म.सा. एवं नंदीरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की निश्रा में कल 3 मई से प्रारम्भ होगा। कल सुबह गुरुदेव का मंगल प्रवेश, सामैया, धर्मसभा होगी। राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। कल सुबह मंगल प्रवेश जुलूस सेठी गेट सुदामा नगर से प्रारम्भ होगा। आयोजन 8 मई तक चलेगा। आयोजन से वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं लाभार्थी जुडे हुए हैं। संजय नाहर, सुशील कुकडा, चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, अजय लुणावत, समता तरवेचा, चन्दन जैन, सुनीता जैन ने बताया कि 4 मई को स्नात्र महापूजा, महाचौबीसी, 5 मई को नवकार महामंत्र, 6 मई को पार्श्वनाथ भगवान के महापूजन तथा नवकारसी एवं रात्रि में प्रभुभक्ति, 7 मई को श्री सिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना एवं रात्रि में प्रभु मणिभद्रवीर की सांगीतामय महाआरती एवं भजन संध्या एवं 8 मई को स्नात्र पूजन के बाद ध्वजारोहण विधि प्रारंभ होगी। इस दौरान 70 वेदी पूजन ध्वजा वरघोडा और मंदिरजी के शिखर पर 25वां ध्वजारोहण होगा।







# दीक्षित का किया सेवानिवृत्ति पर सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शासकीय हाईस्कूल टीही की प्राचार्य नीलम दीक्षित की सेवानिवृत्ति पर विदाई और सम्मान का आयोजन किया। अनिता चौहान, दिनेश परमार, राम पटेल, जितेन्द्र रावत, मुरलीधर पाटीदार, राजकिशोर कच्छावा, राजेश वर्मा, राजेंद्र सेठ, दिलीप राज गेहलोत, नीलिमा मीठे, शबाना, कविता, राठौर, संतोष, ज्योति, अर्चना तिवारी, अवधेश तिवारी, सचिन कैथवास मौजूद थे।

## दीक्षित की पुण्यतिथि पर कल सुबह से रक्तदान एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शांता मोहनलाल दीक्षित की पुण्यतिथि के अवसर पर कल 2 मई शनिवार की सुबह 8 बजे से 2 बजे तक रेडक्रास ब्लड सेंटर एवं शैल्बी हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन भक्त प्रहलाद नगर एमओजी लाईन गंगवाल बस स्टेण्ड के पास किया जाएगा। डॉ. आशीष शेठ, डॉ. रोमित अग्रवाल, डॉ. विपिन सिंह, डॉ. सिद्धांत जैन, डॉ. नरेन्द्र बोरदिया, डॉ. विनीत नाजा जैन, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. सुधांशु यादव, डॉ. रिद्धिमा ओझा, डॉ. विशाल मालवीया,डॉ. सावन अग्रवाल, डॉ. मेघा अग्रवाल द्वारा सेवा देते हुए जांच की जाएगी। उक्त जानकारी धर्मेश दीक्षित द्वारा दी गई।

# उत्तराधिकारी संगठन ने किया आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रति माह की 1 तारीख अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन द्वारा कल राजवाड़ा देवी अहिल्या माता प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार के वंशजों को भी याद किया। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गाया तथा तथा श्रम दिवस पर मजदूरों की एकता संगठन बलिदान को याद करते हुए अपनी भावांजलि अर्पित की। अजयनारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, संजय अरोरा, दीपक मलोरिया रानू, विकास जोशी, पुष्पा जोशी, सुधा भंडारी, राकेश अरोरा, महेश शर्मा, रविकांत मिश्रा, विजय पुणेकर, राजीव शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, अजीतसिंह विश्नार, उमाशंकर रायकवार, गम्मू कुरैशी, मनोहरसिंह मेहता, निशि चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद थे।



# 12 वर्ष बाद गांव गेर माता पूजन में श्रद्धालु



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खंडवा रोड़ पर सिमरोल के पास ग्राम गोखनिया में गांव गेर शीतला माता पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ राजपूत युवा संगठन के उपाध्यक्ष सचिन पटेल ने बताया कि गांव गेर माता पूजन में मां के दरबार में मण्डप भी बना। महिलाओं ने पूजन किया, मेहमानों के एक दिन पहले से आना शुरू हो गया था, गांव को सजाया गया। गीत, जागरण, सुन्दरकांड पाठ,भजन संध्या सहित अन्य धार्मिक आयोजन हुए। राधेश्याम पटेल, धनश्याम पटेल ओमप्रकाश पटेल, जितेंद्र पटेल, मुकेश पटेल, जीवन पटेल, रवि पटेल, प्रदीप पटेल, राम श्याम पटेल ने अपनी भूमिका निभाई। विधायक उषा ठाकुर, गजेन्द्रसिंह चौहान, खुमानसिंह पटेल, खेमराज बरोड, चम्पालाल पटेल,बनवारीलाल पटेल, मोहन पटेल, पूनमचन्द पटेल, गणपत सिंह गोड़ अतिथि थे।

## मंगलमूर्ति नगर में दोपहर से शाम तक जांच शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मंगलमूर्ति नगर के कृष्णा उद्यान में आज दोपहर 3 बजे से शाम 9 बजे तक स्वास्थ्य शिविर और जांच का आयोजन का किया जाएगा। उक्त जानकारी श्रवण वर्मा ने दी।

# जन्म मृत्यु पंजीयन में यादव की सेवा को याद किया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में चार दशकों तक मुकेश यादव ने सेवाएं दी और उनकी सेवानिवृत्ति हुई तो सभी ने उनके 40 साल के कार्य को याद कर विदाई दी और सम्मान किया। इस दौरान निगम अधिकारी, कर्मचारी और समाजसेवी भी मौजूद रहे। सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद जादम सैनी, प्रेम यादव, विजय यादव, राजू यादव, आर.बी. यादव, रतिपाल यादव, बालकिशन यादव, केदार यादव, रामनाथ यादव, संजय यादव, बालकिशन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।





# कालेज में वार्षिक पुरस्कार समारोह

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वर्ष भर की खेल-कूद गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वार्षिक खेल-कूद पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ. अनामिका जैन, डॉ.नागेश डगांवकर, डॉ. संजय व्यास,डॉ. पुष्पेन्द्र अहिरवार, राघव जायसवाल, डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. सुभद्रा भौसले, अजीत जैन, नवीन पाल,दीखा रेच, रुपाली प्रजापत की मौजूदगी में पुष्पा मीणा, श्रुतिका जसोना, ऐश्वर्या सेंगर, महिमा सिसौदिया, क्षितिज डामोर सहित अन्य का सम्मान किया गया।

# गौसेवा समिति ने कराई गौ पेटपूजा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गौसेवा समिति ग्रुप के सदस्यों ने कल पूर्णिमा पर गौशाला में गौपूजन आरती और प्रसादी का आयोजन किया। गौशाला अग्रसेन धाम फूटी कोठी पर गायों को अलग-अलग तरह के खाद्य पदार्थ हाथों से खिलाए। श्यामसुन्दर भांगडिया, बीएल तिवारी, चंद्रशेखर नीमा, श्याम पांडे, अनिल नीमा, दिनेश तिवी, ओमप्रकाश तिवारी, द्वारका दास नीमा, प्रवीण लड्ढा, नीता ठाकुर, प्रणेता नीमा, लक्ष्मी नीमा, संगीता भंडारी, प्रदीप जाखेटिया, संगीता भंडारी, प्रेमलता अग्रवाल, संगीता नीमा, परवीन लड्ढा, किरण नीमा, प्रणेता नीमा, बलराम बजाज, विजय हेडा, जगदीश बंसल मौजूद थे।



# बैरवा समाज ने प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बैरवा समाज उद्यान बैरवा नगर परदेशीपुरा में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया। रामकरण गोठवाल, राजू मेहरा, मनोहर लोदवाल, बाबुलाल कुन्हारे, जगदीश गोमे, रघुवीर मरमट, योगेन्द्र गंवदे , हर्ष रेसवाल, गोलू निहोरे, पवन धावने मौजूद थे।

# युद्ध का सबसे ज्यादा असर प्लास्टिक उद्योग पर

## इंदौर के 5 हजार से ज्यादा उद्योग संकट में, प्लास्टिक दाना महंगा और कमी का असर:कई आइटम हो गई महंगी

### कई आयटम 30 से 40 फीसदी महंगे

**इंदौर।** इजराइल - ईरान युद्ध का सबसे ज्यादा असर प्लास्टिक उद्योग पर पड़ा है। हालत यह है कि पिछले कई महीनो से प्लास्टिक दाना की लगातार कमी और आवक नहीं होने से प्लास्टिक दाना की कीमतों में भारी उछाल हो रहा है। प्लास्टिक दाने रॉ मटेरियल की कीमतों में 30 से 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी से इसका सीधा असर प्लास्टिक उद्योग पर पड़ रहा है। इंदौर के हजारों उद्योग वर्तमान में गंभीर संकट के दौर से गुजर रहें है। कई बंद होने की कगार पर है तो कई बंद भी हो गए। जानकारों के मुताबिक 80 से 85 रूपए किलो वाला प्लास्टिक दाना 120 से 170 रुपए किलो के दुगने भाव तक पहुंच गया। जिसका सीधा असर उद्योगों की कास्टिंग पर पड़ रहा है। हर आइटम महंगी हो गई है। वहीं





कई प्लास्टिक के आइटम की कास्टिंग महंगी होने से फ्रेक्ट्रियों में नई बनना बंद हो गई है। जिससे स्टॉक वालों ने महंगा कर दिया है।

वहीं प्लास्टिक दाने से बनने वाले पीपीपी बैग डिजिटल प्लास्टिक कट्टा के अलावा ग्रीनरी में उपयोग किया जाने वाले प्लास्टिक के गमले हो या प्लास्टिक की प्लेट और प्लास्टिक से जुड़े अन्य आइटम की कीमतों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में हालत यह है कि कई प्लास्टिक की फैक्ट्री या तो बंद हो गई है या बंद होने की कगार पर है। यही नहीं कई जगह प्रोडक्शन कम हो गया है। कुछ प्लास्टिक उद्योग वालों ने प्लास्टिक दाना महंगा होने से काम कम कर दिया है। फैक्ट्री में स्टॉफ और वर्करों की छटनी कर दी है।

### प्लास्टिक आइटम पर बढ़ने लगी महंगाई की मार

वहीं प्लास्टिक दाना नहीं आने से प्लास्टिक से बनने वाली आइटम पर उसका सीधा असर पड़ रहा है औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उद्योगपति और व्यापारियों के मुताबिक युद्ध का असर प्लास्टिक दाना पर पड़ा है। बाहर से आने वाला प्लास्टिक दाना बिल्कुल भी नहीं आ रहा है। इस कारण प्लास्टिक से बनने वाली आइटम महंगी हो गई है। स्टाक भी कम है और जिनके पास है उन्होंने महंगा कर दिया है। इससे प्लास्टिक से बनने वाले डिजिटल पीपीपी बैग हो या प्लास्टिक की बोतल, प्लास्टिक के गमले प्लास्टिक के मग और प्लास्टिक से बनने वाली रोजमर्रा की आइटम पर 20 से 30% तक की बढ़ोतरी हो गई है। यही नहीं कुछ आइटम पर तो सीधे 40 से 50 प्रतिशत तक की भी बढ़ोतरी हो गई है। जिसका असर अब आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है।

### पीएससी की धीमी रफ्तार

# दस दिन पहले फाइनल आंसर की दी, परिणाम अब भी अटका

## परीक्षा को एक माह से ज्यादा बीता, लेकिन रिजल्ट कब आएगा?

**इंदौर।** एमपी पीएससी ने स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस भर्ती एग्जाम-2025 की फाइनल आंसर की तो 10 दिन पहले ही जारी कर दी थी। लेकिन परिणाम अब तक नहीं आया है। कहा गया था कि किसी भी दिन रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। लेकिन अब भी कुछ तय नहीं है। उसी के बाद इंटरव्यू की तारीख तय होगी। पीएससी को इन 32 पदों के लिए इंटरव्यू मई में करवाना है। अगर अन्य परीक्षाओं के इंटरव्यू की वजह से देरी हुई तो फिर जून में होंगे। इसमें 100 अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। इंटरव्यू एक ही दिन में खत्म भी हो जाएंगे। इस बार 32 पद के लिए 3800 से ज्यादा आवेदन आए थे। हर पद पर 120 दावेदार थे, लेकिन परीक्षा में उपस्थिति सिर्फ 40 फीसदी रही। 60 फीसदी प्रतिस्पर्धा कम हो गई है। अब 1520 अभ्यर्थियों में से इंटरव्यू के लिए करीब 100 अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। यानी इंटरव्यू के लिए पदों की तुलना में तीन गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाता है। इंटरव्यू की सूची में आने के लिए हर पद पर बमुश्किल 15 से 16 दावेदारों में से एक को मौका मिलेगा।

### क्या परेशानी बनी कारण

*इस परीक्षा में पद बढ़ने की संभावना अब खत्म हो गई है। पिछली स्टेट इंजीनियरिंग परीक्षा में 23 पदों के लिए रिकॉर्ड 8 हजार आवेदन आए थे। तब परीक्षा देने 4400 ही अभ्यर्थी*



*पहुंचे थे। इस बार पद 32 होने के बाद भी आवेदन की संख्या में रिकॉर्ड कमी आई। 5 साल में सिर्फ तीन बार वैकेंसी निकाली गई है। उसमें भी सिर्फ 91 पद दिए गए। इसी वजह से अभ्यर्थियों का रुझान कम होना स्वाभाविक है। किसी भी बड़ी परीक्षा में न्यूनतम 100 पद दिए ही जाना चाहिए। पीएससी ने 2022 में सिर्फ 36 पद दिए थे। 2023 में वैकेंसी ही नहीं दी गई। 2024 में भी सिर्फ 23 पद थे, जबकि इस बार 32 हैं। यानी पांच साल में इन तीन वैकेंसी में कुल 91 पद दिए गए हैं।*



# सिरपुर झील और रामसर साइट के आसपास अब नहीं होगी शौचालय को लेकर परेशानी

**इंदौर।** सिरपुर झील और रामसर साइट के आसपास गर्मी के मौसम में सुबह - शाम घूमने आने वाले सैकड़ों लोगों को अब शौचालय को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। क्योंकि आने वाले दिनों में निगम यहां लाखों रुपए खर्च कर लगभग आधा दर्जन नए शौचालय प्रस्तावित विभिन्न स्थानों पर बनाएगा। जिसको लेकर निगम द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ निविदा भी जारी कर दी गई है। वहीं अब बेहद जल्द आने वाले दिनों में निगम द्वारा सिरपुर झील और आसपास के एरिया में जहां जरूरत है वहां उसे हिसाब से नए आदर्श शौचालय बनाए जाएंगे। जहां महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय में संपूर्ण व्यवस्थाएं रहेगी। यहां घूमने आने वाले लोगों को शौचालय नहीं होने से इधर-उधर जाकर परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### बारिश में घूमने वालों को नहीं भटकना पड़ेगा इधर से उधर

सिरपुर झील और रामसर साइट के आसपास बारिश के दिनों में घूमने आने वाले लोगों को शौचालय जाने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। क्योंकि निगम द्वारा यहां बेहद जल्द तीन से चार नए आधुनिक सुविधा वाले शौचालय बनाए जा रहे हैं नवीन सुविधा घर बनने से सीनियर सिटीजन और महिलाओं को शौच करने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

# उर्स पर कव्वाली की महफिल और सम्मान



**महेश्वर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खरगोन जिले के महेश्वर में कौमी एकता कमेटी ने हजरत बाबा मद्रासी के 35वें उर्स के अवसर पर भव्य सूफी कव्वाली महफिल का आयोजन किया। इस मौके पर शहर ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में विभिन्न समाजों के नागरिक उमड़े और देर रात तक चली महफिल में सूफ़ियाना कलाम का रसपान किया। वासल अंसारी और फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि कव्वाल दानिश अली, मुकर्रम अली तथा मुरादाबाद के कव्वालों ने प्रस्तुतियां दी। मंजूर बेग, गुलाम मुस्तफा मंसूरी, मुकर्रम वारसी,फिरोज अंसारी, जीतू वर्मा, अनीस अंसारी, रियाज खान, मुकेश बजाज, भोला, शानू, असीम, मोहसिन सदर, अज्जू अंसारी, डॉ. शादाब खान, जफर खान, सोहेल पठान, गोलू शेख, शकीर शेरी, बबलू, नानू, शाहिद, इरफान पठान मौजूद थे।

# बाग प्रिंट से हुआ भव्य स्वागत

**धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शिल्पकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद बिलाल खत्री ने वर्धा खान का स्वागत पारंपरिक 'बाग प्रिंट' का अंगवस्त्र पहनाकर किया। बिलाल ने उन्हें इस प्राचीन हस्तशिल्प कला की बारीकियों और इसकी प्राकृतिक रंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। खान ने भारतीय



स्टालों का भ्रमण किया और बाग प्रिंट कला को गहराई से समझा। इस कला के प्रति अपनी रुचि दिखाते हुए उन्होंने स्वयं अपने हाथों से लकड़ी के ठप्पों (ब्लॉक्स) का उपयोग कर एक रुमाल तैयार किया। वर्धा ने कलाकारों की तारीफ की और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इस तरह का प्रदर्शन भारतीय विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विभाग ने इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए बाग प्रिंट को चुना।

## संपादकीय

### बरगी बांध हादसाः रोमांच बना मौत का सफर, क्या सिर्फ प्रतिबंध से खत्म होगी लापरवाही?

सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे? मध्य प्रदेश में जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज नाव के पलटने से हुए हादसे की त्रासदी ने एक बार फिर नागरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने नाव पर सवार होकर रोमांच महसूस करने के कई लोगों के उत्साह को मातम में बदल दिया। हैरानी इस बात की है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन के पास नाव में सवार कुल लोगों की सटीक जानकारी तक नहीं थी। अधिकारियों ने टिकटों की संख्या के आधार पर आंकड़ा जारी कर दिया, जबकि कई लोगों के साथ उनके बच्चे भी नाव पर सवार थे। सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे? दूसरी ओर ऐसी खबरें भी आई हैं कि दुर्घटना की शिकार हुई नौका पर पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की कोई व्यवस्था थी। ऐसे में इसे व्यवस्थागत लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को बरगी बांध में एक क्रूज नौका तेज आंधी की चपेट में आकर पलट गई थी। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों का दावा है कि नौका पर सवार किसी भी यात्री ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी। जब आपात स्थिति महसूस हुई, तभी वे यात्रियों में वितरित करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ लोगों को इन्हें पहनने का मौका ही नहीं मिला। सवाल है कि जो नियम नौका चालकों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से सिखाए जाते हैं, अगर उन्हें ही नजरअंदाज कर दिया जाए, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को उजागर करता है। यही नहीं, जल पर्यटन के इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था न होना भी सवाल खड़े करती है। राज्य सरकार ने हादसे के बाद क्रूज नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन क्या सिर्फ इस कदम से ऐसी दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक पाएगी। ऐसे में सभी राज्यों को चाहिए कि इस हादसे से सबक लेकर तमाम व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

# पक्षकारों को प्रकरण निराकरण होने पर फीस वापस हो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'न्यायालय शुल्क वापसी हेतु मानक संचालन प्रक्रिया' स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेजर के तहत मध्यप्रदेश के सभी विधिक सेवा प्राधिकरणों को एक पत्र के साथ प्रेषित की गई थी। इस नई प्रक्रिया से न्याय शुल्क वापसी की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और शीघ्र हो गई है।अब पक्षकार/उसके अभिभाषक को किसी भी शासकीय कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि पहले लोक अदालत में समझौता कर के अपने केस निराकृत करवाने वाले पक्षकारों को जिस न्यायालय में राजीनामा या केस वापसी होती थी,उस न्यायालय से न्यायालय फीस वापस प्राप्त करने के लिए एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित एक आवेदन पत्र के साथ कलेक्टर कार्यालय में जाकर जमा करवाना पड़ता था। उसके बाद सम्बन्धित विभाग में अनेक बार चक्कर लगाने के बाद न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त होती थी। लेकिन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गत वर्ष 1 फरवरी को न्यायालय शुल्क वापसी के लिए प्रक्रिया लागू की गई थी और यही हुआ कि पक्षकार, अभिभाषक को किसी भी कार्यालय में आवेदन पत्र फीस के लिए देने की आवश्यकता नहीं है। केवल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में एक आवेदन-पत्र (न्यायालय से प्राप्त न्यायालय फीस वापसी के प्रमाण पत्र के साथ) प्रस्तुत करना पड़ता है। उसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय शुल्क वापसी के प्रमाण पत्र को एक कवरिंग लेटर के साथ कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जाता है।लेटर में एक महीने के भीतर प्रमाण पत्र में उल्लेखित बैंक खाते में न्यायालय शुल्क की धनराशि जमा करवाने का निर्देश लिखा होता है। कवरिंग लेटर की एक प्रति जिला पंजीयक को भी भेजी जाती है। कलेक्टर कार्यालय से आदेश प्राप्त होने पर जिला पंजीयक कार्यालय वेण्डर जारी करता है।वेण्डर के आधार पर जिला कोषालय द्वारा सम्बन्धित पक्षकार के बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित की जाती है।भुगतान की सूचना जिला पंजीयक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी जाती है। भुगतान की सूचना प्राप्त होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पक्षकार उसके अभिभाषक से भुगतान प्राप्ति की स्वीकृति प्राप्त करता है। मध्यप्रदेश में इस नई प्रक्रिया के कारण पक्षकारों के समय और धन की बचत हो रही है,लेकिन इन्दौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय के माध्यम से न्यायालय फीस वापस प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रेषित करने वाले पक्षकारों को न्यायालय फीस वापसी के लिए अधिकृत-विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण निर्धारित एक महीने की समय-अवधि में न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त नही हो पा रही है। पक्षकार को आवेदन करने के महीनों बाद भी न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त नही हो पा रही है।

गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर के अध्यक्ष और सचिव से मांग की है कि पक्षकारों को न्यायालय फीस की धनराशि निर्धारित समय अवधि में वापस प्रदान करवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी / विभाग को उचित आदेश जारी करने की कृपा करें।

## छुट्टियों में छुक-छुक गाड़ी का आनंद नहीं ले पाएंगे बच्चे

इंदौर। पश्चिम क्षेत्र में 10 एकड़ से भी ज्यादा जगह में में फैले लंबे-चौड़े विश्राम बाग बगीचे में बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने की योजना निगम अफसरों की अनदेखी का शिकार होकर आखिर लंबे समय से ठंडे बस्ते में चली गई है। हालत यह है कि करीब दो ढाई साल पहले 15 करोड़ रुपए की लागत से विश्राम बाग बगीचे का नव निर्माण कर यहां 10 एकड़ में फैले लंबे - चौड़े बगीचे में हरियाली लेकर बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजन के तमाम संसाधन होने के बावजूद बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने की योजना लंबे समय से अटकी पड़ी है। वहीं इस बार भी गर्मी का सीजन शुरू होने के बावजूद बच्चे इसका लाभ नहीं ले पाएंगे।

यही नहीं जबकि इसके लिए बगीचे के कुछ हिस्से में करीब 500 मीटर लंबा आधा-अधूरा ट्रैक भी तैयार हो गया था। जिस पर नेहरू पार्क की तर्ज पर राजस्थान की उसी कंपनी से तीन से चार डिब्बों की बच्चों के लिए नई टॉय ट्रेन चलाने की निगम की ओर से पूरी तैयारी थी। लेकिन सब कुछ तय हो जाने के बाद भी निगम के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी से इतने समय बाद भी ना अभी तक ट्रैक कंप्लीट हुआ है और ना ट्रेन चलाने को लेकर कोई योजना जमीनी स्तर पर पूरी होती नजर आ रही है। पहले नेहरू पार्क में लंबे समय के बाद दोबारा ट्रेन शुरू होने के बाद ही निगम अफसरों द्वारा करोड़ों की लागत से विश्राम बाग में तैयार हुए बड़े बगीचे में मनोरंजन के लिए उनकी फेवरेट टॉय ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई थी।

## काम से रोकने पर तलवार और ईंट से हमला एक ही परिवार के तीन लोग घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। किशनगंज थाना क्षेत्र के रविदासपुरा में काम करने से रोकने की बात पर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोपियों ने एक ही परिवार के सदस्यों पर तलवार और ईंटों से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी देवेन्द्र पिता सुंदरलाल कोटवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित, मोंटी और रोहित का भांजा उनके घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जब देवेन्द्र और उनके भाई लक्ष्मीनारायण ने उन्हें टोकते हुए गालियां देने से मना किया, तो विवाद बढ़ गया। आवेश में आकर आरोपी रोहित अपने घर से तलवार निकाल लाया।आरोप है कि रोहित ने देवेन्द्र पर तलवार से वार किया, जिससे उनके दाहिने हाथ की कोहनी में गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए भाई लक्ष्मीनारायण ने जब तलवार पकड़ने की कोशिश की, तो उनके बाएं हाथ की उंगलियां और हथेली कट गई। इसी दौरान आरोपियों ने देवेन्द्र के सिर पर ईंट से भी हमला किया, जिससे वे खून से लथपथ हो गए। जब देवेन्द्र की चाची अनिताबाई उन्हें बचाने दौड़ीं, तो रोहित के भांजे ने उन पर भी ईंट दे मारी, जिससे उनके सिर के दाहिनी तरफ गहरी चोट आई है। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते उन्होंने पीड़ित परिवार को धमकी दी कि अगर आज के बाद हमें काम करने से रोका, तो जान से खत्म कर देंगे शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## लक्की उर्फ लखन भीलवारे रासुका में

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने इंदौर के अपराधी लक्की उर्फ लखन पिता राजेश भीलवारे निवासी जोशी कालोनी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल भेजने के आदेश जारी किये हैं। पुलिस ने बताया कि लखन पर कुल 49 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हो चुके हैं, जिसमें से 12 प्रकरण बाल न्यायालय के समक्ष व 37 प्रकरण जे.एम.एफ.सी. के समक्ष पेश किये जा चुके हैं। पूर्व में जिलाबदर की कार्रवाई भी की गई गई थी।

## कुपोषण मुक्त कार्ययोजना को लेकर बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास द्वारा कुपोषण मुक्त इंदौर कार्ययोजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27 सुपोषण संकल्प की समीक्षा की। आगामी महीनों में इंदौर जिले में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करना और कुपोषण उन्मूलन के लिये विशेष रणनीति बनाना है। इस कार्य में आँगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पहले बच्चों की नियमित स्क्रीनिंग की जाएगी और इसके बाद उनका उपचार किया जायेगा। 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के जो बच्चे अतिकुपोषित है या जिनका वजन कम है, उन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिये कार्ययोजना पर जमीनी स्तर पर कार्य करें। कुपोषण उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी, पोषण पखवाड़ा और जनजागरूकता जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमाह स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जाये।

## दो दिन के लिए मांगकर ले गया था स्कॉर्पियो,डेढ़ महीना बीतने के बाद भी नहीं लौटाई, केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने परिचित से महज दो दिन के लिए लग्जरी गाड़ी मांगकर ले गया, लेकिन समय बीतने के बाद न तो गाड़ी लौटाई और न ही उसका कोई सुराग दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अमन पिता मान सिंह निवासी स्कीम नंबर 136 ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका परिचित नवीन दास बैरागी पिता बलराम बैरागी निवासी झलारिया उनसे उनकी स्कॉर्पियो (ए11) यूपी-९0 एई-९९९5 मांगकर ले गया था। नवीन ने वादा किया था कि वह 6 मार्च की रात 11:00 बजे गाड़ी ले जा रहा है और मात्र दो दिनों में वापस लौटा देगा। घटना को डेढ़ महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आरोपी ने गाड़ी वापस नहीं की। अमन ने बताया कि उन्होंने कई बार नवीन से अपनी गाड़ी वापस मांगी और उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी हर बार टालमटोल करता रहा। अंततः परेशान होकर फरियादी ने पुलिस की शरण ली। अमन की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने आरोपी नवीन दास बैरागी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित हुए खिलाड़ी

**इंदौर।** शा.होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वर्ष भर की खेल-कूद गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वार्षिक खेल-कूद पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया।

पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन एवं विशेष अतिथि के रुप में प्रशासनिक अधिकारी डॉ.नागेश डगांवकर एवं प्लेसमेंट सेल के अधिकारी डॉ. संजय व्यास उपस्थित थे।

होलकर विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस बार यू.टी.डी. को पीछे छोडते हुए विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व करने पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस बार महाविद्यालय के 76 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय की पुष्पा मेड़ा ने इस वर्ष 3 खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इन सभी खिलाड़ियों को एक-एक मूमेंटो एवं ट्रैकसूट प्रदान किया।




महाविद्यालय की 12 अलग-अलग टीमों ने अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता होने का गौरव हासिल किया ।

महाविद्यालय की श्रुतिका जसोना और ऐश्वर्या संगर ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिमा सिसोदिया ने ऑल इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता । क्षितिज डामोर ने अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। इन सभी को पांच-पांच हजार रुपये नगद राशि एवं एक-एक ब्लेजर से पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान क्रीड़ा समिति के सभी सदस्य, राऊ महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र अहिरवार एवं राघव जायसवाल उपस्थित थे ।

महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम संचालन खेल विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम शर्मा एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. शुभदा भोसले द्वारा किया गया । इस दौरान योग विभाग के अजित जैन,नवीन पाल दीखा रेच एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की रुपाली प्रजापत द्वारा कार्यक्रम संचालन में सहयोग दिया गया गया। होलकर महाविद्यालय ने इस बार 12 अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

# बैडमिंटन स्पर्धा में 300 से ज्यादा प्रविष्टियां आई



**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सबजूनियर इंदौर जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 300 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिससे मुकाबले अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक हो गए हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर के अतिरिक्त महाधिवक्ता राहुल सेठी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज मुंशी ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शेखर भंडारी एवं केतन भंडारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी, सचिव आर.पी. सिंह नय्यर एवं एली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के रजनीश जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुधांशु व्यास ने किया, जबकि अंत में मनीष त्रिवेदी ने आभार व्यक्त किया।

बालक एकल अंडर-13 में हुए मुकाबलों में अनिज्जय कृष्ण बिंजू ने अर्नव नालायया को, यथार्थ सूर्य ने दीपेन्द्र बैरागी को, आयांश साहू ने करण पांडे को, मनीत पुंगलिया ने अबीर गोयल को,

हर्ष वर्धन ने तनमय सिंह ओबेरॉय, वीर मिरचंदानी ने अद्विक पाटीदार, अथर्व दुबे ने तनमय सिंह ओबेरॉय को, अन्वित गोयल ने करण खंडेलवाल को, अनय जैन ने अमय गुप्ता को, अदम्य मिश्रा ने आरुष आर्य को, निश्चय कुशवाह ने जय यादव को, आयांश मोहता ने विहान चपलोट को, अर्नव गौर ने रक्षित यादव को, शुभ जैन ने अभिराम क्षीरसागर को, अर्पण गांधी ने नाजिर दुबे को, वेदांत सिंह तोमर ने सत्यकाम ब्राले को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

बालिका एकल वर्ग के मुकाबलों में नवेशा पुरोहित ने सान्या मौर्य को, आराध्या पाठक ने सान्वी मौर्य को, तन्वी गांधी ने अवनि गुर्जर को, पारिधि भारद्वाज ने नितिशा रॉय को, मानवी गांधी ने पीहू हारड़ा को, अर्शिया गुप्ता ने रिया को, राधिका सोनी ने डेलिशा वसवानी को, शनाया सिंहवानी ने दीक्षा चौधरी को हराया।

बालक एकल अंडर-15 में लक्ष्य सिंह चौहान ने प्रतीक पटेल को, मितांश जैन ने हुमांश नरांदे को, हर्ष बाधे ने गोकरण मिश्रा को, शिवांश शर्मा ने शुभ वर्मा को, शाश्वत दुबे ने कुणाल शर्मा को, कार्तिकेय उपाध्याय ने अरहम जैन को, अभ्युदय दांडेवाल ने आरव चौहान को, हृध्दान जायसवाल ने अर्नव गौर को, कबीर शर्मा ने पार्थ बंसल को, अंश चंसोरिया ने अथर्व तिवारी को हराया।

# आईडीसीए में आज अमय खुरासिया की पुस्तक पर टॉक शो

**इंदौर।** आईडीसीए में आज शाम 6 से 8 बजे के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं वर्तमान में देश के शीर्ष क्रिकेट कोचेस में से एक अमय खुरासिया की पुस्तक आफ्टर 74 इयर्स पर एक टॉक शो आयोजित किया जा रहा है। आईडीसीए सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि अमय खुरासिया की पुस्तक आफ्टर 74 इयर्स की चर्चा पुरे देश भर में है। यह पुस्तक केरवल की क्रिकेट टीम को उन्होंने मुख्य कोच रहते कैसे रणनीतियां बनाकर 74 साल बाद रणजी ट्रॉफी के फायनल तक पहुचाया उसका जीता-जागता दस्तावेज है । पुस्तक चुंकि खिलाडियों को क्रिकेट कोचेस के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए टॉक शो में आयडीसीए की सभी टीमें, उनके कोचेस और मैनेजर्स को बुलाया गया है और वे सभी इसमें उपस्थित रहेंगे। टॉक शो का संचालन वरिष्ठ खेल समीक्षक व क्रिकेट कांमेटेटर सुशीम पगारे करेंगे । कार्यक्रम में आयडीसीए के अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमैन संजय लुणावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । इसके साथ ही सचिव देवाशीष निलोसे व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# प्रथम, शिवम व योगेश्वरी को मध्यप्रदेश पिट्ठू टीम की कमान







**इंदौर।** पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ गुजरात द्वारा 3 से 6 मई तक सूरत में आयोजित होने वाली तीसरी सबजूनियर व जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश पिट्ठू टीम की घोषणा पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव व सचिव गुलाब सिंह चौहान ने की। सबजूनियर बालक टीम का नेतृत्व प्रथम पाटीदार एवं जूनियर बालक व बालिका टीम का नेतृत्व क्रमशः शिवम धडवे व योगेश्वरी तिरोले करेंगे । टीम इस प्रकार है -

सबजूनियर बालक - प्रथम पाटीदार (कप्तान), भावेश मावर, अरूश परमार, अमन सोनी, कार्तिक लोधी, अक्षय टोकरे, तल्हा पटेल, आदित्य दुडिया, लवेश मावर, धीरज धनगढ़ ।

जूनियर बालक - शिवम धडवे (कप्तान), पीयूष त्रिवेदी, ध्रुव मंडलोई, शिवम शर्मा, ख्वाब लोवंशी, आतिफ रज़ा, जीतमंयु दुबे, शौर्य कोटिया, आरूल बर्फा, समर्थ पाटीदार।

जूनियर बालिका - योगेश्वरी तिरोले (कप्तान), पल्लवी केंदुलकर, साक्षी देवी बैस, आयुषी मरकाम, अक्षरा मुंदडा, डॉली श्रीवास्तव, हृदया यादव, स्वरा भोइते, निष्ठा भूरिया। बालक व बालिका टीम के कोच क्रमशः आकाश ठाकुर, मोहित छडिया एवं मैनेजर अंश मालवीय व शिवनारायण प्रजापत होंगे।

# साजिद की अगुआई में भारत ने पाकिस्तान को हराया

**इंदौर।** शहर के साजिद लोदी की अगुआई में भारतीय टेनिस टीम ने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम ने आईटीएफ वर्ल्ड जूनियर टेनिस 2026 एशिया-ओशिनिया फाइनल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 3-0 से पराजित किया। इसके अलावा भारत ने एक अन्य मैच में वियतनाम की टीम को भी 3-0 से शिकस्त दी।

जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मलेशिया के शहर कुचिंग में अंडर-14 आयु वर्ग का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट में चुनिंदा देशों को ही स्थान मिला है। प्रतिस्पर्धा का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि मेजबान मलेशिया को टूर्नामेंट में खेलने की पात्रता नहीं मिली है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने इंदौर के साजिद लोदी को टीम का गैर खिलाड़ी कप्तान और कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला




परिणाम के लिहाज से एकतरफा रहा।

पहले मुकाबले में भारत के तानिश नंदा के सामने पाकिस्तान के अली राशिद की चुनौती थी। दोनों ही खिलाड़ी अपने-अपने देश के दूसरे क्रम के होने से टक्कर रोमांचक होने की उम्मीद थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया। तानिश ने यह मुकाबला एक घंटा 26 मिनट में 6-0, 6-3 से अपने नाम किया। तानिश ने आक्रामक अंदाज में शुरूआत करते हुए पहले सेट में विपक्षी खिलाड़ी को कोई अंक नहीं बनाने दिया। दूसरे सेट में राशिद ने अपने खेल में कुछ बदलाव किया, इसके बावजूद तानिश ने पहले दो गेम जीतते हुए 2-0 की बढ़त हासिल की। फिर तानिश ने अपनी सर्विस कायम रखते हुए स्कोर को 1-2 किया। इसके बाद उन्होंने दो और अंक बनाए, लेकिन तानिश ने आसानी से यह सेट और मैच दोनों अपने नाम किया। दूसरे एकल मैच में भारत के पुनीथ मनोहर का सामना पाकिस्तान के मोहम्मद शायान से हुआ। पुनीथ जहां भारत के नंबर एक खिलाड़ी हैं तो यही सम्मान शायान को पाकिस्तान में भी हासिल है। पाकिस्तानी खिलाड़ी का फोरहैंड और सर्विस बहुत अच्छी थी। शुरुआत में ही उनकी तेज सर्विस ने पुनीथ को परेशान किया। दो गेम में लड़खड़ाने के बाद पुनीथ ने कोच साजिद से चर्चा की। साजिद ने कहा कि सर्विस को सेंटर में रिटर्न करें। इसके बाद पुनीथ ने अपनी रणनीति बदली और शायान को लगातार उलझाया। भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 6-2, 6-0 से अपने नाम किया।

तीसरे युगल मैच में पाकिस्तान ने अपने दोनों शीर्ष खिलाड़ियों को कोर्ट में उतारा जबकि भारत ने दूसरे क्रम के तानिश नंदा और तीसरे क्रम के सत्य पार्थिव की जोड़ी को मौका दिया। यहां भी भारतीय खिलाड़ी बेहतर साबित हुए और मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता।

# राज्य स्पर्धा के लिए चयन ट्रायल्स कल

**इंदौर।** म.प्र. स्टेट मास्टर्स इक्विप्ड एवं क्लासिक प्रतियोगिता, ग्वालियर में 30 से 31 मई को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रविवार 3 मई को श्रीराम जिम रोबोट चौराहे पर होगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से इंदौर कॉरपोरेशन मास्टर्स इक्विप्ड एवं क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग टीम का चयन किया जाएगा । प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित आयु वर्ग इस प्रकार है: मास्टर-1, मास्टर-2, मास्टर-3, मास्टर-4 में खेली जाएगी। खिलाड़ी जिम पर जितेंद्र स्वामी, दिलीप भूरिया, चिराग जोशी, सुमित पालीवाल, विकास जोशी से संपर्क करें।

# रियान पराग ने गेंदबाजों पर फोड़ा हार का ठिकरा



**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 225 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। कप्तान रियान पराग ने 90 रनों की शानदार पारी खेली, मगर केएल राहुल ने अर्धशतक जड़ उनकी इस पारी पर पानी फेरा। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज कर 7 विकेट से इस मैच में जीत दर्ज की।

रियान पराग ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा स्कोर था। मुझे लगा कि 200 यहां एक पार स्कोर था। यह थोड़ा धीमा होने वाला था, लेकिन मुझे लगता है कि हम बीच के ओवरों में और बेहतर बॉलिंग कर सकते थे, उन्हें ज्यादा मौके नहीं देने देते। और फिर एक ही ओवर में बहुत सारी बाउंड्री और यह दोहराया गया। तो मुझे लगा कि हम इसमें चूक गए, लेकिन हमारे फैसले से कोई नुकसान नहीं हुआ।

फेरेरा को प्रमोट न करने के फैसले पर पराग ने कहा कि यह असल में एक लेफ्टी आइडिया था और मुझे असल में नहीं पता। क्या, छह, सात ओवर बाकी थे, या नहीं, आठ, नौ ओवर बाकी थे? हम इसे थोड़ा टालना चाहते थे, स्पिनरों से लगभग 8 या 9 रन बनाना चाहते थे और फिर पहली बॉल से पेस बॉलिंग का सामना करना चाहते थे। मुझे लगता है कि यही प्लान था, इसके बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं थी।

खुद की चोट पर कहा कि उम्मीद है कि यह बहुत सीरियस नहीं है, लेकिन हैमस्ट्रिंग में थोड़ी चोट है। शुक्र है, हमारे पास लगभग एक हफ्ते का ब्रेक है, तो हम इसे ठीक कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी क्रिटिक या इस बारे में बात करने वाले किसी भी व्यक्ति को जवाब देने की जरूरत है। लेकिन आखिर में, मेरा काम दो पॉइंट्स लेना है। इसलिए अगर हम गेम हार भी जाते हैं तो मेरा स्कोर और मेरी इनिंग्स का कोई मतलब नहीं है।

# मुंबई और चेन्नई की भिड़ंत आज, संजू पर रहेगी निगाहे





**चेन्नई ।** आईपीएल 2026 में दो शतक लगाने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन ऑरेंज कैप की रेस में काफी पिछड़ गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में फ्लॉप शो से पहले ही सैमसन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीजन का दूसरा शतक जड़ा था। सैमसन कई मैचों में बड़ी पारियां तो खेल रहे हैं, मगर जब उनका बल्ला नहीं चलता तो वह काफी सस्ते में आउट हो जाते हैं। यही कारण है कि वह कुछ ही समय में ऑरेंज कैप की रेस में टॉप-5 तो छोड़िए टॉप-10 से भी बाहर हो गए हैं। आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला एक बार फिर मुंबई इंडियंस के खिलाफ है। इस मैच में सैमसन की नजरें एक बार फिर बल्ले से धमाल मचाकर आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में अपनी जगह बनाने पर होगी।

राजस्थान रॉयल्स से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में शिफ्ट हुए सैमसन इस सीजन पहली बार पीली जर्सी में नजर आए। अभी तक सीएसके के लिए खेले 9 मैचों में उनके बल्ले से 50.67 की औसत और 169.83 के स्ट्राइक रेट के साथ 304 रन निकले हैं, इसमें सैमसन के दो शतक भी शामिल हैं। संजू सैमसन आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सेंचुरी ठोक चुके हैं।

संजू सैमसन की नजरें आज मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में टीम की जीत के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी। फिलहाल सैमसन इस रेस में 304 रनों के साथ 13वें पायदान पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 433 रनों के साथ पहले पायदान पर हैं। सैमसन को आज अगर नंबर-1 बनना है तो कम से कम 130 रन बनाने होंगे, तभी वह केएल राहुल से ऑरेंज कैप छीन पाएंगे। वहीं ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 खिलाड़ियों की लिस्ट में आखिरी पायदान पर मौजूद विराट कोहली के नाम इस सीजन 379 रन दर्ज है, अगर सैमसन को टॉप-5 में अपनी जगह बनानी है तो आज उन्हें मुंबई इंडियंस के खिलाफ कम से कम 76 रनों की पारी खेलनी होगी। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन के बीच पूरे 100 रनों का अंत है। अब देखना होगा कि सैमसन कितने मैचों में इस अंतर को कम कर पाते हैं, या आज वह तीसरा शतक जड़ बड़ा कमाल करेंगे।

आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 खिलाड़ी-

केएल राहुल- 433
अभिषेक शर्मा- 425
हेनरिक क्लासेन- 414
वैभव सूर्यवंशी- 404
विराट कोहली- 379

## जीत पर दिल्ली कैपिटल्स की किस्मत चमकी, पॉइंट्स टेबल में जबरदस्त फायदा

**जयपुर ।** अक्षर पटेल की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स को आखिरकार तीन हार के बाद जीत नसीब हुई है। शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दिल्ली की इस जीत में केएल राहुल का अहम रोल रहा। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बैटिंग करते हुए रियान पराग की 90 रनों की कप्तानी पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 225 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम के लिए केएल राहुल ने 75 रनों की शानदार पारी खेली। पथुम निसांका ने 62 रन बनाकर राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े। दिल्ली ने 5 गेंदें और 7 विकेट रहते यह टारगेट चेज किया। दिल्ली कैपिटल्स का यह आईपीएल के इतिहास में अभी तक चेज किया गया सबसे बड़ा टारगेट था।

**दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में जबरदस्त फायदा-** दिल्ली की टीम को आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इस जीत से जबरदस्त फायदा मिला है। डीसी 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को पछाड़ 6ठे पायदान पर पहुंच गई है। दिल्ली की यह 9 मैचों में चौथी जीत है, उनके खाते में अब कुल 8 अंक हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के टॉप-6 में शामिल पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बाद 8 अंक हुए हैं।



### राजस्थान रॉयल्स हारकर भी टॉप-4 में

रियान पराग की अगुवआई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 7 विकेट से करारी हार झेलने के बावजूद टॉप-4 में बरकरार है। आरआर की यह 10 मैचों में चौथी हार है, राजस्थान इससे पहले 6 मैच जीत चुकी है, उनके खाते में आरसीबी और एसआरएच के बराबर 12-12 अंक हैं।

# केएल राहुल के सिर पर सजी ऑरेन्ज कैप अभिषेक शर्मा-वैभव सूर्यवंशी रह गए पीछे

**जयपुर ।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने आईपीएल 2026 के 43वें मुकाबले में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। राहुल को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। केएल राहुल और पथुम निसांका के बीच पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराया। केएल राहुल ने 40 गेंद में 75 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत केएल राहुल के पास एक बार फिर ऑरेन्ज कैप पहुंच गई है।



केएल राहुल आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में 40 गेंद में 6 चौके और पांच छक्कों की मदद से 75 रन की पारी खेली। उनको इस शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस पारी की मदद से उन्होंने सबसे ज्यादा रन के मामले में अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा। राहुल के नाम अब आईपीएल 2026 में 9 मैचों में 433 रन हो गए हैं। राहुल का औसत 54.12 रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अभिषेक ने 9 मैचों में 425 रन बनाए हैं। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 209.36 का है। हैदराबाद के अनुभवी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। क्लासेन ने 9 मैचों में 414 रन बनाए हैं।

राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्हें काइल जैमीसन ने सस्ते में आउट किया। वैभव ने शुक्रवार को मुकाबले में दो गेंद में चार रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 10 मैचों में 404 रन बनाए हैं। उनका औसत 40.40 और स्ट्राइक रेट 237.65 का रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 9 मैचों में 379 रन बनाए हैं। उनका औसत 54.14 का रहा है। वहीं पर्पल कैप की बात करें तो भुवनेश्वर कुमार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 9 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। जोफ्रा आर्चर के 10 मैचों में 15 विकेट हो गए हैं। इशान किशन मलिंगा ने 9 मैचों में 15 विकेट चटकाए हैं। अंशुल कंबोज के 8 मैचों में 14 विकेट हैं। कागिसो रबाडा ने 9 मैचों में 14 विकेट झटके हैं।

## एकल विजेता खिलाड़ी कर्णिक पुरस्कार के हकदार भी होंगे

**इंदौर ।** इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित शांतादेवी कमल भंडारी स्मृति इंदौर जिला मिनी और सबजूनियर बैडमिंटन स्पर्धा के 15,13और 11वर्ष बालक और बालिका एकल विजेता खिलाड़ी कर्णिक पुरस्कार के भी हकदार होंगे । कर्णिक स्मृति समिति इंदौर सचिव धर्मेश यशलहा ने बताया कि समिति इंदौर जिला बैडमिंटन एकल विजेता खिलाड़ियों को हर साल कर्णिक पुरस्कार प्रदान करती हैं । नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में हो रही इंदौर जिला स्पर्धा के 15,13और 11 वर्ष बालक और बालिका एकल विजेता खिलाड़ी वर्ष 2026-27 के लिए कर्णिक पुरस्कार के हकदार बनेंगे । इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के संस्थापकों में से एक स्वर्गीय वी पी कर्णिक के सम्मान में यह पुरस्कार 1987 से दिया जा रहा हैं । वर्ष 2025-26 के इंदौर जिला बैडमिंटन एकल विजेता खिलाड़ियों को जून या जुलाई में कर्णिक पुरस्कार प्रदान किया जाएंगा । पिछले साल विश्व बैडमिंटन दिवस पर यह कर्णिक पुरस्कार प्रदान किया गया था । यह पुरस्कार प्रतिवर्ष वर्ष महिला व पुरुष 19,17,15,13, 11वर्ष बालक और बालिका एवं 45त्न्बुजुर्ग एकल विजेता को दिया जाता हैं।

# सिटी फॉरेस्ट के पीछे ग्रीन वेस्ट में लगी... आग

**शहर के कटने वाले पेड़ों के तने यहीं पहुंचाए जाते हैं, कुर्सियां भी बनती हैं**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट के पीछे ग्रीन वेस्ट प्लांट में आज तड़के करीब 5 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप भी लिया जिससे अफरा तफरी मच गई। तत्काल इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड और झोन 19 को दी गई। बताया गया कि शहर के जहां-जहां पेड़ काटे जाते हैं उनके मोटे तने, पतली डगाल तक यहां भेजी जाती है और लकड़ियों से कुर्सियां भी बनाई जाती है। आज जो आग लगी उसमें गन्ने का जो वेस्ट का ठिया था उससे आग लगी और यह आग दूसरे वेस्ट में भी लग गई। यहां बड़ी तादाद में लकड़ियां पड़ी हुई थीं, इस ग्रीन वेस्ट में आग लगी तो आग दूर तक दिखाई देने लगी थी। आग की खबर के बाद झोनल अधिकारी सहित दमकल बल और निगम और फायर ब्रिगेड यहां पहुंच गया था। बड़ी संख्या में सूखी लकड़ियां भी थीं, इसलिए आग भभकती रही, जिस पर नियंत्रण की कोशिश भी की गई। प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए थे। आग पर काबू पाने के लिए पोकलेन मशीन और अन्य साधन भी भेजे गए जिससे कचरे की आग से लकड़ियों को बचाया जा सके और जो कचरा जल रहा है उसे भी निगम के अधिकारी मशीनों के माध्यम से रोक रहे हैं, पलटवा रहे हैं। जैसे भी हो कोशिश की जा रही है कि आग को आगे बढ़ने से रोका जा सके। आग कचरे में कैसे लगी यह विषय भी जांच का है। अभी तो मुख्य मुद्दा यही है कि आग पर नियंत्रण किया जाए।





# बुजुर्ग महिला को पेंशन योजना का झांसा, खाते से उड़ाए 1.50 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को अपना निशाना बनाया है। ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर पेंशन अपडेट करने के नाम पर महिला के खाते की जानकारी हासिल की और स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए उनके दो अलग-अलग खातों से करीब डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राखी आहुजा (71), निवासी शिव मोती नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि 29 अप्रैल को उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताया। उसने महिला को विश्वास में लेते हुए कहा कि उनकी पेंशन योजना में कुछ अपडेट की जरूरत है, अन्यथा पेंशन रुक सकती है। पेंशन रुकने के डर से बुजुर्ग महिला ठग के झांसे में आ गईं। आरोपी ने उनसे बैंक खातों की जानकारी और पासवर्ड पूछ लिए। शातिर ठग ने महिला को बातों में उलझाकर उनके फोन पर एक स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करवाया और उनसे ओटीपी प्राप्त कर लिया। जैसे ही ठग को मोबाइल का एक्सेस मिला, उसने पलक झपकते ही राखी आहुजा के दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 1,49,727 रुपये की राशि अलग-अलग यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर ली। मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आने के बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अटाहेड़ा में एक शादी समारोह के दौरान बवाल हो गया।पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया।

फरियादी कृष्णा पिता मुरारीलाल (35), निवासी अटाहेड़ा, पेशे से साउंड सिस्टम लगाने का काम करता है। घटना वाले दिन वह अपने एक पारिवारिक संबंधी के यहाँ आयोजित शादी समारोह में साउंड लगाने गया था। कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। कृष्णा नेक इरादे से विवाद को शांत कराने और बीच-बचाव करने के लिए वहां पहुंचा था। आरोप है कि तभी सगडोद गांव निवासी श्रीराम पिता बाबूलाल और उसके दो बेटों रवि और विशाल ने पुरानी रंजिश के चलते कृष्णा को निशाना बना लिया। विवाद की आड़ में तीनों ने मिलकर कृष्णा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कृष्णा के शरीर पर गंभीर घाव आए हैं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल घायल कृष्णा को देपालपुर के महावीर हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, अत्यधिक खून बह जाने और गहरी चोटों के कारण कृष्णा की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उसे सघन उपचार दिया जा रहा है। इस पूरी घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने देपालपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों का पक्ष ले रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मामले को कमजोर कर रफा-दफा करने का प्रयास कर रही है।

# सूने मकान में सेंध, अलमारी का लॉक तोड़कर सोने के जेवरात ले उड़े चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर में अज्ञात बदमाशों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बेडरूम में रखी अलमारी का ताला तोड़ा और वहां रखे सोने के कीमती आभूषण समेट कर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी विनोद जायसवाल पिता रमेशचंद जायसवाल निवासी भवानी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वे घर पहुंचे तो देखा कि बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अलमारी के अंदर रखा हुआ सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर की हालत देखकर परिवार के सदस्य घबरा गए और तुरंत जांच पड़ताल शुरू की। विनोद की पत्नी कविता जायसवाल ने जब अलमारी की तलाशी ली, तो पाया कि उसमें रखे उनके सोने के पुराने इस्तेमाली आभूषण गायब थे। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**भिंड के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एमआईजी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, एक 43 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी अश्वनि पिता अनिल शर्मा निवासी चंदुपुरा, भिंड ने उसके साथ विश्वासघात किया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी करने का झांसा दिया और इसी बहाने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी के लगातार शोषण और धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। एमआईजी पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी अश्वनि शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

**यूट्यूब विज्ञापन के जरिए निवेश का झांसा**

# मुरैना के युवक से 3 लाख की ठगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर रहने वाले एक युवक को यूट्यूब विज्ञापन और लुभावनी वेबसाइट के जरिए निवेश पर भारी मुनाफे का लालच दिया गया। जालसाजों ने युवक को भरोसे में लेकर उससे 3 लाख की रकम ऐंठ ली और फिर संपर्क तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रामप्रीत पिता रामनरेश गुर्जर मूल निवासी जिला मुरैना, हाल निवासी गुरु नानक नगर, भोलाराम उस्ताद मार्ग ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखा था। यह विज्ञापन कैपिटल ग्रुप, कैपिटल इंकम बिल्डर्स (लक्स) नामक कंपनी का था, जिसमें कम समय में पूंजी निवेश को बढ़ाने का दावा किया गया था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद रामप्रीत एक वेबसाइट पर पहुंचे, जहां निवेश के विभिन्न प्लान बताए गए थे। इसके बाद अज्ञात आरोपियों ने उनसे संपर्क किया और बेहतर रिटर्न का लालच देकर अलग-अलग किश्तों में कुल तीन लाख रुपये।जमा करवा लिए। जब रामप्रीत ने अपना मुनाफा और निवेश की गई राशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने और पैसों की मांग शुरू कर दी। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने पुलिस की शरण ली। भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों और ट्रांजैक्शन आईडी की जांच कर रही है, जिनमें पैसा ट्रांसफर किया गया था।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।